CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, रविवार 27 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 347 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण-ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी पेज 2




एशिया कप यूएई में खेला जाएगा खेल टाइम्स



अमेरिका कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका पेज 11



दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा बॉलीवुड

# ऑपरेशन सिंदूर से पाक को दिया सीधा संदेश: आर्मी चीफ

श्रीनगर, वार्ता



■ आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**सेना प्रमुख** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर शनिवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत का संकल्प, संदेश और पाकिस्तान को निर्णायक जवाब था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।

जनरल द्विवेदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत कारगिल की चोटियों पर अद्वितीय विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि उसकी सीमाओं के भीतर किसी भी नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। भारत की एकता और -शेष पृष्ठ दो पर

## कारगिल विजय दिवस पर मुर्मू ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1999 के कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## खड़गे, सोनिया गांधी ने कारगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संप्रग की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसों तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि कारगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं।

## हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी: पीएम



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 50 करोड़ कीमत की 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## झारखंड के डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नई दिल्ली।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

### बेबाकी से कहा सीजेआई ने

# सरकार और अदालतों में एक जैसी लालफीताशाही

अमरावती, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जनता के घर-द्वार तक न्याय

**न्यायपालिका का विकेंद्रीकरण हो: गवई**

पहुंचाने के लिए न्यायपालिका के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया। वे अपने पैतृक जिले अमरावती के दरियापुर कस्बे में कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि न्यायिक अवसंरचना समिति के प्रमुख के रूप में उन्होंने नए तालुका और जिला न्यायालयों की स्थापना का एक मॉडल तैयार किया है। उनके प्रस्ताव पर काम हो रहा है, लेकिन अदालतों और सरकार में लालफीताशाही एक जैसी है। हालांकि उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे न्यायिक अवसंरचना कार्यों के प्रति सकारात्मक रहे हैं। आज भी पर्याप्त फंड दिया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि वह दरियापुर में -शेष पृष्ठ दो पर

## पुराने वाहन मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने 'एमसी मेहता बनाम भारत सरकार' मामले में एक आवेदन के जरिये शीर्ष अदालत से यह गुहार लगाई है।

## भगदड़ मामला: आरसीबी, इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से बनाए गए जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट सामने आई। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने वाले के खिलाफ किया आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया।

एनआईए के अनुसार अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहित की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com www.srgcmzn.com
A++ NAAC UGC

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)



Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"



Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University
Saharanpur
Letter of Appreciation to
Shri Ram College, Muzaffarnagar
Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.
It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.
Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.
With best wishes for the bright future of the college,
Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

Courses Offered
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy | MSc- Agri Chem & Soil Sc BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance
BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर रेटिंग में मोदी टॉप पर

नई दिल्ली, वार्ता

■ दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दूसरे स्थान पर
■ टैरिफ वॉर की वजह से ट्रम्प को आठवां स्थान मिला

**पीएम मोदी** ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है।

दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। जे म्युंग को 59 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अंडर 5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मार्निंग कंसल्ट जारी करती है। ट्रम्प को 45 फीसदी से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

## 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रविकिशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# प्रेमजाल में फंसाकर विदेश भेजने का आरोपी गिरफ्तार

## हिंदू युवती के धर्मांतरण का मामला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्थानीय पुलिस को संदीप कौशिक चांदपुर निवासी के द्वारा 23 जुलाई को एक प्रार्थना पत्र में देकर आरोप लगाते हुए कहा कि मौहल्ला चाहसंग निवासी आरिफ अंसारी पुत्र मौहम्मद फारूक अंसारी मौहल्ला ढाली बाजार निकट शंकर मूर्ति अवैध रूप से सिलेंडर में गैस भरने व इलेक्ट्रॉनिक आइटम बेचने की दुकान करता है। फारूक अंसार का पुत्र आरिफ देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहता है तथा आरिफ उपरोक्त कई वर्षों से हिंदू नाम में पहचान का उपयोग करके हिंदू लड़कियों को अपने जाल में फांसता है और उनका धर्मानांतरण कराकर विदेश भेजने का कार्य करता है। इसी उद्देश्य से आरिफ अंसारी उपरोक्त ने एक लड़की का पासपोर्ट अप्लाई कराया था। जिसकी जानकारी पासपोर्ट जांच के दौरान पुलिस के सामने आई। साथ ही आरिफ के मोबाइल में दुकान के सामने सड़क पर आती-जाती लड़कियों की फोटो भी मिले हैं। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर पर मुक. दमा अपराध संख्या 414/25 धारा 296/352/351(2) बीएनएस पंजीकृत करते हुए आरोपी आरिफ अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि अभियुक्त आरिफ द्वारा अपनी वैगन आर कार से अलग-अलग स्थान पर ले जा कर उसके साथ गलत काम करने तथा धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस को पीड़िता के फोटो लगे हुए अलग-अलग नाम के दो फर्जी आधार कार्ड भी बरामद हुए हैं। पीड़िता के कथनों तथा बरामद आधार पर अभियोग में धारा 123/64 (1), 318(4), 363 बीएनएस तीन विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिवेश अधिनियम की वृद्धि की गई है, इस मामले में पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त आरिफ पुत्र फारुख अंसारी निवासी मौहल्ला चाहसंग कस्बा व थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने आरिफ के पास से बरामद मोबाइल फोन आई ओओ जेड -3, घटना में प्रयुक्त एक वैगन आर कार नंबर डी एल 3 सी बी जे -4699 जिससे पीड़िता को ले जाया गया तथा उसके साथ गलत काम किया। साथ ही दो फर्जी आधार कार्ड जिसमें पीड़िता का फोटो लगा है तथा दोनों में अलग-अलग मुस्लिम नाम अंकित है। घटना को लेकर हिन्दू समाज के लोगों में रोष है। बड़ी संख्या में पीड़िता के पक्षकार हिन्दू समाज के लोग व्यापारीगण थाने पर जमा रहे और देर रात तक आरोपी आरिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग करते रहे। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि आरोपी आरिफ अंसारी इस तरह के कार्य पहले से ही करता चला आ रहा है। यह दुबई भी जा चुका है और यह हिन्दू समाज की लड़कियों को अपने जाल में फांसकर उन्हें विदेश में बेचने का काम करता है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि नगर के एक व्यक्ति ने 23 जुलाई को थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें कहा गया था कि मौहल्ला बाजार निवासी आरिफ अंसारी पुत्र फारूक अंसारी के द्वारा दूसरे समुदाय की युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर विदेश भेजने का काम किया जा रहा है। अभी उसने अपने ही पड़ोस की एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा कर उसे विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। पुलिस ने कागजात वेरीफाई करते समय फोन कॉल के द्वारा मामला पकड़ लिया। आरोपी आरिफ अंसारी द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उसे और उसके साथ खुद भी विदेश भागने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## हिरन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गिरी बाइक

**नहटौर।** शादीपुर मार्ग पर ग्राम नरगदी नवादा के पास हिरन को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिरने पर बाइक सवार युवक व एक महिला और उसके दो बच्चे घायल हो गए। ग्राम महुआ से अक्षत नहटौर आ रहा था। अक्षत से लिफ्ट लेकर आसिफा पत्नी शाहरूख अपने पुत्र माहिर, पुत्री आसिफा के साथ उसकी बाइक पर बैठ गई। करीब समय प्रातः दस बजे चारों बाइक से सवार होकर नहटौर आ रहे थे। जब उनकी बाइक नरगदी नवादा के सामने पहुंची, तो सड़क पार कर रहे हिरन के सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमें चारों बाइक सवार घायल हो गए। जिसमें राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। उपचार देकर उन्हें अपने घर भेज दिया गया।

## कार्यक्रम का तीसरा दिन सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार के नाम रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑनलाइन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 'नई शिक्षा नीति 2020 पर उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता' के अंतर्गत तीसरे दिन की गतिविधियां पूर्णतः सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार (ICT) विषय पर केंद्रित रहीं।

दोनों सत्रों में प्रोफेसर एस. सेंथिलनाथन, निदेशक, यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र, भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली ने बतौर रिसोर्स पर्सन प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली व्याख्यानों में डिजिटल शिक्षा, ई-लर्निंग टूल्स, आईसीटी की शिक्षण में भूमिका और तकनीकी सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

प्रोफेसर सेंथिलनाथन ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि 21वीं सदी के शिक्षक के लिए ICT उपकरणों का कुशल उपयोगकर्ता बनना समय की मांग है, जिससे न केवल शिक्षण अधिक प्रभावशाली बनता है, बल्कि छात्र-शिक्षक संवाद भी अधिक सक्रिय और सहभागी हो उठता है। इस अवसर पर डॉ. फैजा अब्बासी, निदेशक, यूजीसी एमएमटीटीसी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसकी प्रगति और संचालन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने कोर्स समन्वयक डॉ. आबिदा खातून, तकनीकी टीम तथा प्रतिभागियों को अब तक की उपलब्धियों के लिए बधाई दी और आगामी सत्रों के लिए शुभकामनाएं दीं। दिन के प्रथम सत्र में प्रोफेसर सेंथिलनाथन ने ICT के मूल तत्वों, शिक्षण रणनीतियों और डिजिटल संसाधनों के विविध प्रयोगों को सैद्धांतिक रूप में प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों के साथ इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से Google Classroom, Canva, Kahoot जैसे आधुनिक डिजिटल शिक्षण उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिसे सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह से सीखा।

दिनभर के कार्यक्रम का सफल संचालन कोर्स समन्वयक डॉ. आबि. दा खातून द्वारा किया गया। उन्होंने प्रोफेसर सेंथिलनाथन के योगदान की सराहना करते हुए प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे ICT को अपनी शिक्षण पद्धति में एक अभिन्न अंग के रूप में अपनाएं। तीसरे दिन की सभी गतिविधियां न केवल अत्यंत ज्ञानवर्धक रहीं, बल्कि उन्होंने प्रतिभागियों को डिजिटल युग की मांगों और शिक्षक की बदलती भूमिका के प्रति जागरूक एवं प्रेरित भी किया।

## तीजोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** वैश्य समाज महिला द्वारा गया। जिसमें महिलाओं द्वारा गीत, नृत्य, कविता और तंबोला स्टेज शो आदि के प्रोग्राम आयोजित किया।

रामा रेजिडेंसी में आयोजित कार्यक्रम अध्यक्ष मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सावन के गीत, भजन, डांस, तंबोला स्टेज शो, कविता आदि के प्रोग्राम के द्वारा महिलाओं ने मनोरंजन किया। जिसमें रूपाली अग्रवाल, ममता अग्रवाल, पूनम गुप्ता, ऊषा गर्ग, रूपाली गुप्ता, शीतल रस्तोगी, कल्पना जैन, अनुज गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, चारु अग्रवाल, शिवालिक गुप्ता, कंचन सिंघल, पारुल, लक्ष्मी अग्रवाल, निधि, ममता गुप्ता आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना वाणी सावन गीत मनोरमा अग्रवाल एवं लक्ष्मी अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, नीना, शालिनी व डांस में पारुल मोनिका, प्रेरणा गोयल, वंदना अग्रवाल, ग्रुप डांस में पारुल, मोनिका, नीना, तीज डांस में अनीता अग्रवाल, झूला गीत में नेहा गर्ग, पूजा, आशा अग्रवाल, सरप्राइज में अनीता अग्रवाल, मोनिका गुप्ता, शोभना अग्रवाल, कविता में अंजू मित्तल, डांस में प्रिय, अनुज गुप्ता, शीतल रस्तोगी आदि रही।

संस्था से अध्यक्ष मोनिका गुप्ता, लीना सिंघल, पारुल गुप्ता, प्रेरणा गोयल, सीमा अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, शालिनी सिंघल, अनीता अग्रवाल, अंजू मित्तल, अनुपम गोयल, नीना अग्रवाल, शोभना अग्रवाल आदि शामिल रहीं।

# वीर परिवार सहायता योजना 2025 का शुभारंभ

## कृष्णा कॉलेज ने किया ऑनलाइन प्रतिभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा देश के वीर सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान और सहायता के उद्देश्य से एक अभिनव योजना "NALSA वीर परिवार सहायता योजना, 2025" का शुभारंभ किया गया। यह ऐतिहा. सिक पहल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष, NALSA द्वारा 26 जुलाई 2025 को वर्चुअल माध्यम से की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष द्वारा देशभर के समस्त राज्य एवं जिला सैनिक बोर्डों में विधिक सहायता क्लीनिक का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर एक विशेष YouTube वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे न्यायिक अधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, PLVs, विधि महाविद्यालयों एवं अन्य हितधारकों के बीच व्यापक रूप से साझा किया गया।

उत्तर प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों/जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को यह निर्देशित किया गया था कि वे इस वेबकास्ट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इसी क्रम में बिजनौर स्थित कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ ने भी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में ऑनलाइन भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, प्राध्यापकगण प्रदीप कुमार, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, आफाक अहमद, दीपिका सिंह, पूजा ठाकुर तथा डॉ. एम. अजहर खान समेत संकाय सदस्यगण उपस्थित रहे।

महाविद्यालय स्तर पर इस वेबकास्ट को देखकर छात्रों में विधिक सेवा प्रणाली व सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई। इस योजना को न केवल शहीद परिवारों की सहायता हेतु एक मील का पत्थर बताया गया, बल्कि यह भी माना गया कि NALSA द्वारा उठाया गया यह कदम समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग तक न्याय पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

"NALSA वीर परिवार सहायता योजना" का उद्देश्य उन वीर सैनिकों के परिवारों को विधिक सहायता प्रदान करना है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह योजना विधिक जागरूकता के साथ-साथ उनके अधिकारों की रक्षा को भी सुनिश्चित करती है।

यह कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में लगे लोगों के लिए विधिक सहयोग का नया आयाम प्रस्तुत करता है। कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में शैक्षिक संस्थानों की भूमिका को भी प्रकट करती है।

## तीजोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के शुभ अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा छह से कक्षा द्वादश की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एक छात्रा ने दूसरी छात्रा के हाथों पर बहुत सुंदर तरीके से मेहंदी लगाई और प्रतियोगिता को मनमोहक बनाया।

विद्यालय की छात्राओं ने हरियाली तीज के शुभ अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा दशम की छात्रा गार्गी प्रजापति, जिज्ञासा पाल, राहिमा, रिया तथा कक्षा द्वादश की छात्रा वंदना, रिया, वंशिका, पलक त्यागी एवं कक्षा एकादश की छात्रा प्रिया सैनी, सिमरन,पल्लवी आदि छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का निर्णय नहटौर नगर की समाजसेवी सीमा वर्मा, पदमा शर्मा ने किया और उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। मेहंदी प्रतियोगिता की चैंपियनशिप कक्षा दशम की छात्राओं ने जीती। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से छात्राओं का मानसिक विकास होता है और उनमें एक सृजनात्मकता की भावना उत्पन्न होती है। अतः सभी छात्राओं को विद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता के महत्व को समझाते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की । मेहंदी प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विद्यालय की आचार्या रंजना शर्मा, नीतू रानी, संगीता रानी, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

# भाजपाइयों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

## सेवानिवृति वायु सैनिक मनोज कुमार को अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सैनिकों के साथ अमर शहीद अमित सिंह की समाधि पर पहुंच कर कारगिल विजय दिवस मनाया।

आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भागूवाला मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम अमानुल्लापुर उर्फ गढ़वाला निवासी अमित कुमार की समाधि पर पहुंच कर अमर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक मनोज कुमार ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश को विश्व की सबसे शक्तिशाली सेवा का गौरव प्राप्त है। हमारी सेना के जवानों में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भारी होती है।

हमारे सैनिक देश की रक्षा सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से कभी पीछे नहीं हटते हैं, हमें सदैव देश की सेवा के साथ खड़े होना चाहिए, उनका व उनके परिजनों का सम्मान करना चाहिए। नरेंद्र मोदी की सरकार में सैनिकों के हाथ बहुत अधिक मजबूत हुए हैं। सैनिकों का मनोबल बढ़ा है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर भुईयार ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार आज भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में अमर शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि देकर परिजनों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन में भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम जो भी सहयोग/ सम्मान सैनिकों के परिवारों का कर सकते हों, वह करना चाहिए, हम सब सैनिकों के शौर्य, शक्ति, पराक्रम, अदम्य साहस के कारण ही सुरक्षित हैं।

आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर शहीद अमित कुमार की पूज्य माताजी श्रीमती शशि देवी, भाई सुमित कुमार, भाभी मीनाक्षी देवी, ताऊ ओमप्रकाश सिंह एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभाग करने वाले सेवानिवृत्ति वायु सैनिक मनोज कुमार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक रविंद्र काकरान, पवन शर्मा, अनिरुद्ध कुमार की उपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, जिला मंत्री तरुण राजपूत, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सुधीर कुमार भुईयार, महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, अरविन्द विश्वकर्मा, महबूब मलिक, मयंक चौहान, नरपाल सिंह, रोहिताश सिंह, मुकेश अग्रवाल, योगेश भुईयार, संजीव भुईयार, चौधरी योगेंद्र सिंह, तासिम राईन, ग्राम प्रधान प्रशान्त चौधरी, जयपाल राजपूत, संजीव राठी आदि ने शहीद अमित सिंह की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुस्लिम इंटर कॉलेज के निकट हरे-भरे आम के बाग में कॉलोनी निर्माण जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज के निकट स्थित एक हरे-भरे आम के बाग में अवैध कॉलोनी बसाने का मामला प्रकाश में आया है। हैरानी की बात यह है कि मामले की जानकारी एक माह पूर्व अखबारों के माध्यम से अधिकारियों को दी जा चुकी थी, फिर भी अब तक वन विभाग और राजस्व विभाग दोनों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार आम की मौजूदा फसल अब समाप्ति की ओर है, जिसके चलते कॉलोनाइजर पेड़ों को कटवाकर अवैध कालोनी में प्लॉट बेचने का रास्ता साफ करने की प्रक्रिया शुरू करने वाले हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग जानबूझकर मामले से आंखें मूंदे बैठे हैं और ईमानदार योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण सुरक्षा अभियान को पलीता लगा रहे हैं। बाजार में जमीन की बढ़ती कीमतों को देखते हुए बाग को उजाड़ने की साजिश चल रही है। यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचेगा बल्कि दर्जनों हरे भरे आम के पेड़ भी खत्म हो जाएंगे। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उच्चाधिकारी मामले को संज्ञान में लें और संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दें, ताकि फलदार आम के पेड़ों को बचाया जा सके।

## डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में कुंवर कली एजुकेशनल कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषि ने 91 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं छात्र सचिन कुमार ने 90.63 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम कुमार ने 92.63 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं छात्र सौन्दर्य भारद्वाज ने 91.38 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण व ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी

**लखनऊ, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है। संगठन के सूत्रों की मानें, तो छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी गई है, उसमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। इन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसका ऐलान भी कर दिया जाएगा।

दरअसल भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव इन बातों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। राज्य में लोकसभा चुनाव में मिली हार को पलटकर लखनऊ में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करना चाहेगी। भाजपा ने 37 में से 25 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुझाए गए नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी), और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्यासागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि संगठन ने अपनी ओर से केंद्रीय नेतृत्व को उपयुकत नाम सुझाए हैं, जिन पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए विचार किया जा सकता है और नेतृत्व सक्रिय रूप से उनका मूल्यांकन कर रहा है। अगले दो हफ्तों में और संभवतः उससे भी पहले कोई फैसला होने की संभावना है। अपनी साफ-सुथरी छवि और शैक्षणिक योग्यता के लिए जाने जाने वाले ब्राह्मण नेता शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शीर्ष नेतृत्व का विश्वास प्राप्त है। द्विवेदी भी ब्राह्मण हैं और युवा तथा संसदीय अनुभव लेकर आते हैं।

वे बस्ती से सांसद और पार्टी में राष्ट्रीय सचिव रह चुके हैं। धर्मपाल सिंह और बीएल वर्मा दोनों ही प्रभावशाली लोध समुदाय से हैं। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री सिंह को विधाई और मंत्री पद का दशकों का अनुभव है। वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा को एक अनुशासित और साधारण संगठनकर्ता के रूप में देखा जाता है, जिनका आरएसएस से गहरा जुड़ाव है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर...**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि निवासी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि दरियापुर कोर्ट यह सुनिश्चित अखंडता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय की कड़ी में दुश्मन को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, पर कायरता का उत्तर केवल पराक्रम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी। पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने ठान लिया था कि अबकी बार निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशवासियों का अटूट विश्वास और सरकार द्वारा दी गई रणनीतिक स्वतंत्रता से भारतीय सेना ने एक सुनियोजित, सटीक और निर्णायक जवाब दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि यह केवल जवाब नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 7 से 9 मई के बीच की पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाईयों का भारतीय सेना ने नपा-तुला और सटीक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली एक अजेय दीवार बनकर सामने खड़ी रही जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं भेद सकी। यह सब संपूर्ण राष्ट्र के एक समान दृष्टिकोण के कारण संभव हो सका जहां सेना, वायु सेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे। इसमें सख्त संदेश दिया गया कि जो भी शक्तियां भारत की संप्रभुता, अखंडता या जनता को क्षति पहुंच. ाने की योजना बना रही हैं उन्हें करारा जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिक और भविष्य की शक्ति में बदल रही है इसके अंतर्गत 'रुद्र' के रूप में नई ब्रिगेड का गठन किया जा रहा है जिनमें इन्फेंट्री, मकैनाइज्ड इन्फैंट्री, बख्तरबंद यूनिट, तोपखाना, स्पेशल फोर्स और ड्रोन जैसी लड़ाकू इकाईयों का एकीकरण किया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक और कॉम्बेट स्पोर्ट से मदद दी जाएगी।

**सरकार और....**

करेगा कि न्याय समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। सीजेआई गवई ने नए लॉ ग्रेजुएट्स को सलाह दी कि वे वकीलों से जुड़े पद और प्रतिष्ठा को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। इस दौरान उन्होंने जूनियर वकीलों को सलाह दी कि वे अपना करियर बनाने से पहले प्रशिक्षुता हासिल करें। अगर कोई बिना किसी अनुभव के अदालतों में बहस करना चाहता है और छह महीने में मर्सिडीज या बीएमडब्ल्यू का मालिक बनना चाहता है, तो उसे अपने इरादे समझने की जरूरत है। सीजेआई बोले कि मैंने जूनियर वकीलों को अपने सीनियर को सीट देते हुए देखा है। इसी तरह, एक ऐसा मामला भी आया जब एक जूनियर वकील अदालत में बेहोश हो गया जब उसे जज ने बर्खास्त कर दिया। जज और वकील दोनों बराबर के भागीदार हैं। कुर्सी लोगों की सेवा के लिए होती है और इससे जुड़ी शक्ति को हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अपने पिता आरएस गवई की 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरएस गवई केरल और बाद में बिहार के राज्यपाल भी रहे।










**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मंडावर में छत से गिरी छात्रा

## संत पोल्स इंटर कॉलेज में घटना से सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** संत पोल्स इंटर कॉलेज की तीसरी मंजिल से गिर कर 11वीं की छात्रा बुरी तरह घायल हो गई, जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। घायल छात्रा को तत्काल आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। छात्रा किस कारण छत से गिरी, यह कोई बताने को तैयार नहीं हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बे के मौहल्ला बाजार शंभा निवासी फरीद अहमद की 17 वर्षीय पुत्री रहनुमा स्थानीय संत पोल्स इंटर कॉलेज की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है। शनिवार को वह तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गयी। जिस कारण कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया और अन्य विद्यार्थियों में दहशत फैल गई। कॉलेज प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

परिजनों व कॉलेज प्रशासन ने बताया कि पैर फिसलने के कारण छात्रा तीसरी मंजिल से गिर गयी। जबकि कुछ लोग दबी जुबान में छात्रा के कूदने की बात बता रहे हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज भी पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंचे और घटना की जांच में जुट गए हैं। इस घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

## एम.डी. इंटरनेशनल में मेहंदी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ हरियाली तीज मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य टीकम सिंह तथा राजन राजपूत ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति से सभी के मन में देश प्रेम की लहर दौड़ उठी। कार्यक्रम में छात्रों और छात्राओं ने कारगिल युद्ध के दौरान घटित होने वाले तथ्यों को भी बताया। कार्यक्रम का आकर्षण विद्यार्थियों नाटक सीमा से पत्र रहा। जिसको देख कर साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अत्यधिक आकर्षक डिजाइन बनाये। सभी प्रतियोगियों में सर्वश्रेष्ठ का चयन करना निरीक्षकों के लिए कठिन हो गया। ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम हाउस को प्रथम स्थान, सरदार भगत सिंह हाउस को द्वितीय स्थान तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल हाउस और सुभाष चंद्र बोस हाउस को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस कुमार राणा ने किया।

## एक नजर

### हादसे में भूषण की मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला निवासी भूषण कुमार पुत्र ईश्वर सिंह बीती रात्रि खाना खाने के बाद सड़क पर घुम रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस व ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**कालागढ़।** ग्राम भिक्कावाला स्थित रामलीला मैदान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत इस्लामनगर के ग्राम अध्यक्ष अनिल सिंह नेगी सहित क्षेत्र के अनेक वीर सैन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कैप्टन रघुबीर बिष्ट, सूबेदार मेजर पूरण सिंह असवाल, सूबेदार मेजर वी.पी. मयाल, नायक सूबेदार दिनेश चंद्र रावत, कैप्टन चंदरशहर रावत, चंदर मोहन सिंह बुडाकोटी, जगमोहन नेगी, गब्बर सिंह झाटरी, केदार सिंह नेगी एवं संतन सिंह रावत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में गन्ना समिति के चेयरमैन मलकीत सिंह द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया।

### शिव सेना नेता नजर बंद



**कालागढ़।** हर वर्ष की भांति सम्भल स्थित हरिहर मंदिर में जलाभिषेक करने जाने से एक दिन पहले ही शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा को ग्राम मुरलीवाला में ही नजर बंद कर लिया गया। जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा ने कहा कि देश और प्रदेश मे भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार होते हुए भी हिन्दु हरिहर मंदिर मे जलाभिषेक नहीं कर सकते है। इस अवसर पर जिला महासचिव डॉ. सीपी सिंह, जिला सचिव महेंद्र सिंह सिरोही, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, शिवकुमार, नरेश कुमार, राम अवतार सिंह, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, देशराज, मुकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पीस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक



**नूरपुर।** पीस पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक जाहिद अंसारी के संचालन तथा वरिष्ठ नेता रईस कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी एवं जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने संगठन को मजबूत करने के लिए जोर दिया। राशिद उमर मदनी ने कहा पीस पार्टी एक अकेली पार्टी है, जो सभी वर्गों की बात करती है और सब के अधिकारों की बात करती है। 2017 से अब तक पीस पार्टी जुल्म के खिलाफ आवाज उठाती चली आ रही है। जबकि सब से ज्यादा एमएलए व एमपी वाली पार्टियां भी खामोश है। इस मौके पर जाहिद सैफी, हकीम अमजद, शाहीर मालिक, जावेद अहमद, तसलीम मंसूरी, हाफिज शाह वलिउल्लाह, जावेद, मौहम्मद फरमान, मौहम्मद हाशिम, शफीक अहमद, गुल्लू आदि मौजूद थे।

### सुनील प्रधान व मनप्रीत सिद्धू का स्वागत



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक जलीलपुर पांडव नगर पुलिस चौकी पर हृदय की गहराइयों के साथ नवनियुक्त यूनियन जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान व युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिद्धू का जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि दोनों पदाधिकारी यूनियन के जिला सचिव शमशेर सिंह चीमा के भाई परमजीत सिंह की शोक सभा में शामिल होने आए थे। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष हरीराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद याकूब, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह, मंडल महासचिव अनिल सिद्धू, जिला सचिव शमशेर सिंह चौधरी, सोमपाल सिंह, रोहताश सिंह, प्रताप सिंह, बब्बू खान, शेरू सरदार, बलजीत सिंह सिद्धू, डॉक्टर नदीम, चरण सिंह, सत्तार मलिक, मनीष राजपूत, जीशान अहमद, डॉ. परवेज आलम, फहीम राजपूत, मैंराजू प्रधान, डॉ. नवल सिंह, रियाजुद्दीन, मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ सहित सैकड़ों की संख्या मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पालिका बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा

## बस स्टैंड प्रस्ताव पर गहराया विवाद, सभासदों ने किया बैठक का बहिष्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में प्रस्तावित नगर बस स्टैंड को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक तिहाई से अधिक सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए पालिका भवन से वॉकआउट कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर पालिका सभागार बैठक का आयोजन किया गया था। जहां नगर विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित थी। इनमें सबसे मुख्य बिंदु था। नगर में बस स्टैंड निर्माण को लेकर प्रस्ताव पारित करना बताया जा रहा है कि धामपुर मुरादाबाद मार्ग पर स्थित एक सरकारी संपत्ति को चिन्हित कर पालिका की ओर से बस स्टैंड निर्माण की दिशा में पहल की जा रही थी।

लेकिन जैसे ही यह प्रस्ताव पेश किया गया, तो एक तिहाई से अधिक सभासदों ने इसका विरोध कर दिया। उनका कहना था कि जिस भूमि पर बस स्टैंड बनाने की बात हो रही है। उस पर आरएसपी इंटर कॉलेज का दावा है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

सभासदों का तर्क था कि अगर इस प्रस्ताव को बिना कानूनी स्थिति साफ किए पारित किया गया, तो इससे न केवल बोर्ड बल्कि पालिका को भी गंभीर नुकसान हो सकता है। विवाद उस समय और गहराया जब कुछ पत्रकारों को बोर्ड बैठक से बाहर जाने का आरोप सामने आया। सभासदों ने इसका तीखा विरोध करते हुए कहा कि बैठक पारदर्शी तरीके से पत्रकारों की उपस्थिति में होनी चाहिए।

पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी पत्रकार को बैठक से बाहर नहीं निकाला। बल्कि उनसे कहा गया था कि वे कुछ देर अधिशासी अधिकारी के कक्ष में प्रतीक्षा करें। जहां बाद में प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। आज की बैठक भी हंगामा की भेंट चढ़ गई।

### भाजपा विधायक के प्रयास और पालिका की रणनीति

**स्योहारा।** पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने जानकारी दी कि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयासों से नगर में एक स्थायी बस स्टैंड बनाए जाने की योजना है। इस सिलसिले में नगर पालिका ने प्रस्ताव रखा कि संबंधित सरकारी भूमि को बस स्टैंड निर्माण के लिए चिन्हित किया जाए और उसका प्रस्ताव बोर्ड से पारित किया जाए। नगर की जनता बीते कई वर्षों से एक सुचारु बस स्टैंड की मांग कर रही है। अगर यह बस स्टैंड बनता है, तो हजारों लोगों को लाभ होगा। लेकिन कुछ विपक्षी दल और उनके समर्थक नहीं चाहते कि नगर का विकास हो। वे राजनीतिक द्वेष के चलते जनता के हितों की अनदेखी कर रहे हैं।

### निरंतर विवादों में घिरी पालिका बोर्ड की बैठकें

**स्योहारा।** सूत्रों के अनुसार जब से शेख फैसल भारती पालिका अध्यक्ष बने हैं तब से बोर्ड की बैठकों में विवाद और बहिष्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। बीते दो वर्षों में यह छठा मौका है। जब सभासदों ने बैठक का बहिष्कार किया है।

# सीओ आवास पर दिखा जहरीला सांप, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब सीओ धामपुर अभय पांडे के आवास पर एक जहरीले सांप को देखा गया। मौके की गंभीरता को देखते हुए वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय सांप विशेषज्ञ हाजी मोहम्मद आरिफ खान को तत्काल सूचना दी।

मोहल्ला अफगानान निवासी हाजी आरिफ सांप पकड़ने के लिए प्रसिद्ध हैं। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और बिना किसी देरी के कड़ी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर लिया। उनकी इस तत्परता और अनुभव के चलते एक संभावित खतरा टल गया।

### सांप पकड़ने वाले आरिफ खान की सूझबूझ से टला हादसा

बाद में सीओ कार्यालय के पुलिसकर्मियों के सहयोग से आरिफ खान ने स्योहारा मार्ग स्थित नहर के किनारे सुरक्षित स्थान पर सांप को प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया। सीओ अभय पांडे ने इस साहसिक कार्य के लिए राहत की सांस लेते हुए आरिफ खान का आभार प्रकट किया।



**स्वागत।** बिजनौर में सपा के कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी संजय लाठर का स्वागत किया गया।

# संविधान बचाने के लिए सपा की सरकार जरूरी

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर ने भाजपा सरकार पर बोला जोरदार हमला





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विधान परिषद में पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि संविधान को बचाने के लिए सपा की सरकार बनाए जाने की जरूरत है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान मान स्तंभ दिवस (आरक्षण दिवस) के अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद संजय लाठर ने कहा कि अगर संविधान और आरक्षण बचाना है, तो ऐसी सरकार बनानी होगी जो संविधान पर आधारित पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दे सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव वर्तमान भाजपा सरकार में गरीबों, मजदूरों, किसानों और नौजवानों की लड़ाई को लड़ रहे हैं। जिन्हें 2027 में जीतना बहुत जरूरी है और ये तब ही संभव हो सकेगा, जब हम बूथ स्तर तक मजबूती के साथ संविधान और आरक्षण की लड़ाई लड़ेंगे।

शनिवार को चांदपुर रोड स्थित एक हॉल में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित संविधान मान स्तंभ दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी संजय लाठर ने कहा कि समाजवाद का मतलब बराबरी है और समाजवाद में सभी धर्म, जाति और वर्गों का सम्मान होता है। समाजवाद में सबका हक दिया जाता है। समाजवादी पार्टी ऐसी पार्टी है। जो जाति व धर्म से ऊपर उठकर समाजवाद की धारणा को आम करती है और समाज के गरीबों, पिछड़ों, दलितों अल्पसंख्यकों और मजलूमों को उनका हक दिलाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि यह काम हमारे सब के मुलायम सिंह यादव कर चुके हैं और अब समाजवाद की असली लड़ाई को हमारे मुखिया अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान हम सबको जीने के साथ-साथ समाज में मजबूत बनाने का हक देता है, लेकिन आज संविधान विरोधी सरकार संविधान को खत्म करने और हकदारों का हक आरक्षण खत्म करने के फिराक में है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि व युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने कहा कि देश तभी बचेगा, जब संविधान बचेगा। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए पीडीए को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जब पीडीए मजबूत होगा तभी प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने सभी से बूथ को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को पूर्व मंत्री नईमुल हसन, नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी, विधायक हाजी तसलीम अहमद, पूर्व जज मनोज कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, जमील अंसारी, डॉ. लाखन सिंह पाल, डॉ. रमेश तोमर, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सुलेमान, कपिल कुमार गुर्जर, अमित चौहान, धर्मेंद्र पारस, पूर्व प्रत्याशी दीपक सैनी, प्रभा चौधरी आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से जिला महासचिव धनंजय यादव व वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रहमान एहसास में किया। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने सभी का आभार जताते हुए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया।

इस दौरान बढ़ापुर चेयरमैन डॉ. दिलशाद अंसारी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष महमूद कस्सार, दिनेश सिंह, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, जावेद अख्तर, श्लोक पवार, डॉ. कुंतेश सैनी, शेरकोट नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शेख कमरुल इस्लाम, ठाकुर योगेंद्र सिंह, नसीम राणा, फरहान खान, राधा सैनी, शेख इरशाद, शाहिद कप्तान, राजेश गोयल, बीके कश्यप, पप्पू अखलाख, डॉ. इरफान मलिक, अफजाल चौधरी, जुल्फिकार कुरैशी, हनी फैसल, फैजान प्रधान, मौहम्मद दिलशाद, नौशाद मंसूरी, शेख जाहिद हुसैन, नवाब मंसूरी, साईम राजा, डॉ. शहबाज, वीरेंद्र प्रधान, ऊदल सिंह चौहान, नाजिम अली, संजय यादव, राजकुमार यादव, शिवकुमार यादव, रूहुल इस्लाम, धामपुर के पूर्व चेयरमैन महमूद कस्सार, आसिफ अली, शहजाद अंसारी, मुस्तकीम अहमद, लाल सिंह कश्यप, अफजल उल हक, कासिम कुरैशी, अब्दुल वहाब, पंकज विश्नोई, रामचंद्र भुईयार, सुखवीर ठेकेदार, महावीर सिंह यादव, उस्मान अल्वी, सागर यादव, नसीम अहमद, मौहम्मद आबिद, प्रमोद कुमार भोला, हैदर अली, मास्टर लईक अहमद, चौधरी दारा सिंह, विमलेश चौधरी, शादाब जैदी, कायम जैदी, सिकंदर कस्सार, मोबीन खान, शकील पहलवान, इश्तियाक आशु, अय्यूब अंसारी, नईम मकरानी, मौहम्मद साकिब, तरुण लाम्बा, फुरकान एड., रफी अंसारी, फुरकान खान, मुंतजिर ठेकेदार, डॉ. खादिम, विशाल यादव, नुसरतुल्ला एड., शमशाद सैफी, सलमान कुरैशी, अहमद खिजर खान आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में कारगिल विजय दिवस के मौके पर कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है, जब भारत ने 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों को हराकर कारगिल की चोटियों को फिर से अपने अधिकार में लिया। इस युद्ध को 'ऑपरेशन विजय' का नाम दिया गया था। लेकिन इस वर्ष का विजय दिवस कुछ खास है, क्योंकि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया है। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाएं पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन और अन्य खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया।

कालागढ़ उत्तराखंड सीमा पर स्थित थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला स्थित रामलीला प्रांगण में आज कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एक गरिमामयी सम्मान व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत इस्लामनगर के ग्राम अध्यक्ष अनिल सिंह नेगी सहित क्षेत्र के अनेक वीर सैन्य अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर कैप्टन रघुबीर बिष्ट, सूबेदार मेजर पूरण सिंह असवाल, सूबेदार मेजर वी.पी. मयाल, नायक सूबेदार दिनेश चंद्र रावत, कैप्टन चंदरशहर रावत, चंदर मोहन सिंह बुडाकोटी, जगमोहन नेगी, गब्बर सिंह झाटरी, केदार सिंह नेगी एवं संतन सिंह रावत जैसे सम्माननीय पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं गन्ना समिति के चेयरमैन मलकीत सिंह द्वारा उपस्थित सभी वरिष्ठ सैन्यजनों को सम्मान स्वरूप शॉल ओढ़ाकर सार्वजनिक मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, महिला मंडलों व युवा वर्ग की भी सहभागिता रही।





इसके अतिरिक्त नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सम्मान व श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमारे सैनिक सदैव हमारे देश की सुरक्षा में लगे रहते हैं, उन्हीं के कारण हम देश में सुरक्षित महसूस करते हैं तथा उन्होंने सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम के विषय में बताते हैं। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में 527 सैनिक वीरतापूर्वक लड़ते हुए शहीद हुए और 1400 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए। 26 जुलाई 1999 को यह युद्ध समाप्त हुआ और इसी कारण देश 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सियाचिन क्षेत्र पर कब्जा करने हेतु अनेकों घुसपैठिये इस क्षेत्र में भेजें, इसका उद्देश्य था कि भारत को सियाचिन क्षेत्र से अलग कर दे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की इस चाल को पहचान लिया और लगभग 2 लाख सैनिक वहां पर भेजें। भीषण युद्ध हुआ और भारत ने विजय ऑपरेशन के अंतर्गत इस युद्ध में विजय प्राप्त की। पावनी गुप्ता, सांची चौहान, अंशिका सिंह, शांतनु खेडेवाल और वंश भार्गव, आकर्ष प्रताप सिंह, अक्षय प्रताप सिंह आदि छात्र-छात्राओं ने भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अपने विचार रखें। श्रीमती अरुणा देवी ने हरियाली तीज के पर्व पर प्रकाश डालते हुए इस पर्व के महत्व से भैया बहनों को अवगत कराया।

इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें किशोर वर्ग में राधिका व सौम्या ने प्रथम, नव्या और पावनी ने द्वितीय संध्या, इति, अंशिका ने तृतीय तरुण वर्ग में अंजलि, भूमिका, अशनानूर ने प्रथम, अनोखी और जसप्रीत ने द्वितीय माही, खुशी, लवली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चन्द्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा औषधीय पौधों का भी रोपण किया गया एवं विज्ञान में प्रयोग होने वाले उपकरणों से विभिन्न आकृतियां भी बनाई गई।

## कारगिल विजय दिवस मनाया



**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव आजमपुर रामनाथ इंटर नेशनल स्कूल में हरियाली तीज एवं कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में मेंहदी प्रतियोगिता एवं कारगिल विजय दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर सुंदर डिजाइन बनाए। प्रतियोगिता में अवनी कक्षा आठ प्रथम स्थान अवनी कक्षा पांच निकिता कक्षा कक्षा दो द्वितीय स्थान प्रज्ञा और आयत तृतीय स्थान पर रहीं। कारगिल विजय दिवस पर उर्मिका, आरव शर्मा, मुदित, प्रज्ञा, अवनी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव शर्मा, रचित शर्मा, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार एवं शिक्षकों ने अपने विचार रखे।

# विवेक कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

## कारगिल विजय दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना के गौरवपूर्ण इतिहास पर चर्चा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार कारगिल विजय दिवस पर भाजपा द्वारा विवेक कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने की। हरिओम शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से 26 वर्ष पूर्व पाकिस्तान के सैनिकों द्वारा भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की को. शिश की गई थी, लेकिन भारतीय सैनिकों ने मुंह तोड़ जवाब दे कर



पाकिस्तानी सेना को कारगिल से खदेड़ दिया था। यह युद्ध मई से जुलाई 1999 तक चला और 26 जुलाई को हम विजयी हुए। कारगिल विजय के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों के पराक्रम व बहादुरी के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व प्रत्याशी नूरपुर विधानसभा सीपी सिंह, जिला महामंत्री विनय राणा, जिला महामंत्री नरेश भाटी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा रोबिन चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, जिला मंत्री श्रीमती मायापाल, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्या मंदिर में शहीदों को श्रद्धांजलि

## सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमारे सैनिक सदैव देश की सुरक्षा में लगे रहते हैं। उन्हीं के कारण हम देश में सुरक्षित महसूस करते हैं तथा उन्होंने सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम के विषय में बताते हुए कहा कि इस युद्ध में 527 सैनिक वीरतापूर्वक लड़ते हुए शहीद हुए और 1400 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए। 26 जुलाई 1999 को यह युद्ध समाप्त हुआ और इसी कारण से हम 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। वही मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सियाचिन क्षेत्र पर कब्जा करने हेतु




पाकिस्तान ने अनेकों घुसपैठिये इस क्षेत्र में भेजें। इसका उद्देश्य था कि भारत को सियाचिन क्षेत्र से अलग कर दे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की इस चाल को पहचान लिया और लगभग दो लाख सैनिक वहां पर भेजें।

भीषण युद्ध हुआ और भारत ने विजय ऑपरेशन के अंतर्गत इस युद्ध में विजय प्राप्त की। पावनी गुप्ता, सांची चौहान, अंशिका सिंह, शांतनु खेडेवाल, वंश भार्गव, आकर्ष प्रताप सिंह, अक्षय प्रताप सिंह आदि छात्र-छात्राओं ने भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अपने विचार रखें। श्रीमती अरुणा देवी ने हरियाली तीज के पर्व पर प्रकाश डालते हुए इस पर्व के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें किशोर वर्ग में राधिका व सौम्या ने प्रथम, नव्या और पावनी ने द्वितीय, संध्या, इति व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में अंजलि, भूमिका, अशना नूर ने प्रथम, अनोखी और जसप्रीत ने द्वितीय माही, खुशी व लवली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चन्द्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा औषधीय पौधों का भी रोपण किया गया एवं विज्ञान में प्रयोग होने वाले उपकरणों से विभिन्न आकृतियां भी बनाई गई।

# एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण केवल पूंजीपतियों के लाभ देने की है स्कीम

## मतीन अध्यक्ष व राधेश्याम बनें जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा के सभागार में अटेवा की ब्लाक एवं जिला कार्यकारिणी जनपद अमरोहा का पूर्व जिलाध्यक्ष एस आकिल राजा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि चंद्रहास सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अटेवा, मंडलध्यक्ष रजनीश कुमार मंडल महामंत्री डॉ. शिव शंकर यादव मंडल कोषाध्यक्ष मौ.उमर की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के निर्देशन में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

मुख्य अतिथि अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण केवल शिक्षकों एवं कर्मचारीयों के खिलाफ पूंजीपतियों का षड्यंत्र है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठित होकर संघर्ष करेंगे, तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। बैठक में जिसमें मतीन अहमद को जिला संयोजक, राधेश्याम को जिला महामंत्री ज्ञानेश चौहान को जिला कोषाध्यक्ष, पूनम रानी शर्मा को जिला संयोजिका नसरीन फातिमा को जिला सहसंयोजिका जमशेद शरीफ को जिला संरक्षक, सत्येंद्र सिंह जिला संरक्षक, जिला सहसंयोजक डॉ. चंदन नकवी, शमीम अहमद, जयदीप चौधरी, शोभित सिंह, जिला मंत्री इश्तियाक हुसैन, सहरोज पासा, जिला प्रवक्ता तरुण कुमार, औलख मुनाफ हसैन, जिला संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार, खुशनूद हैदर, कवेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री, अमित धारीवाल, ऋषिपाल सिंह, आईटी सेल प्रभारी शहजाद राजा, जिला मीडिया प्रभारी राय साहब यादव, सोशल मीडिया प्रभारी लक्ष्य त्यागी, सदस्य मौहम्मद कासिम। ब्लॉक कार्यकारिणी में अमरोहा ब्लाक संयोजक अनिल कुमार, ब्लॉक महामंत्री यूनुस अली, ब्लॉक संरक्षक सफी अब्बास, जोया ब्लाक संयोजक ललित चौधरी, ब्लॉक महामंत्री हरवीर सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष जैनुल आबिदीन, ब्लॉक सहसंयोजक प्रिंस चौधरी, बावी ब्लॉक मीडिया प्रभारी सुहेल अख्तर, ब्लॉक मंत्री नाजिश मुस्तफा, ब्लाक गंगेश्वरी ब्लॉक संयोजक विकास, राहुल ब्लॉक महामंत्री, पुनीत चौहान, ब्लॉक मंत्री गजेंद्र सिंह, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रीना गौड़, ब्लॉक प्रवक्ता अरुण कुमार। ब्लॉक हसनपुर ब्लॉक संयोजक योगेश कुमार बंसी, ब्लॉक महामंत्री शहजाद, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमेश चंद्र गोला, ब्लॉक मंत्री शकील अहमद। ब्लाक धनौरा ब्लॉक संयोजक मोनू कुमार, ब्लॉक महामंत्री वेद प्रकाश, ब्लॉक सह संयोजक रहमान अहमद । ब्लॉक गजरौला, ब्लॉक संयोजक नरेंद्र कुमार, ब्लॉक महामंत्री भोला खान, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष पंकज शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीर वीरेंद्र सिंह एवं डॉ. राजन लाल बिजनौर, जिला अध्यक्ष फार्मासिस्ट राजेश कुमार रवि, जिला अध्यक्ष विद्युत कर्मचारी संघ बिजनौर लोकेंद्र चौधरी, संभल जिला संयोजक प्रहलाद यादव, पूर्व जिला महामंत्री कपिल कुमार राणा, एनआईओएस कोच पुर्जित सिंह, वीनू कुमार, अंकित यादव, अमित कुमार, शाहिद खान, रहमान अहमद आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयदीप चौधरी ने किया।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**स्योहारा।** देर रात नूरपुर रोड स्थित मनोज फर्नीचर के आगे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों द्वारा शव देखे जाने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर उप निरीक्षक असगर खान पुलिस टीम के साथ पहुंचे और देखा कि एक अधेड़ उम्र (करीब 50 वर्ष) का व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया किसी प्रकार की चोट या संघर्ष के निशान स्पष्ट नहीं हैं लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## भाजपा नगीना मंडल ने की व्यवस्था बैठक

**नगीना।** भारतीय जनता पार्टी नगीना मंडल की व्यवस्था बैठक आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना में संपन्न हुई।

बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ने आगामी 27 जुलाई (रविवार) को "मन की बात" का कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर कराने व बूथ स्तर पर वृक्षारोपण का आयोजन तथा प्रत्येक बूथ से 150 सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची बनवाने की रूपरेखा तय कराई।

# ग्रामीणों ने बिजली घर पर किया जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने शादीपुर बिजली घर पर जमकर हंगामा किया। विद्युत आपूर्ति शुरू होने के बाद ग्रामीण वापस लौटे। ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों पर अनदेखी का आरोप लगाया। ग्राम शादीपुर स्थित बिजली घर से कई गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है।

शुक्रवार की रात आई हवा के बाद रात्रि 11 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। उसके बाद सुबह 9:30 बजे बिजली आई लेकिन बार-बार बिजली जाती रही। जब 17 घंटे में मात्र एक घंटा ही बिजली आपूर्ति हुई तब ग्राम शादीपुर के ग्रामीण बिजली घर पर पहुंचे तथा जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप था कि रात्रि 11 बजे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। 17 घंटे में मात्र एक घंटा बिजली आई है। जिसके चलते भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। शुक्रवार की रात्रि ग्रामीणों ने सड़कों पर टहलकर काटी। ग्रामीणों का कहना है कि जरा सी हवा या हल्की बूंदाबांदी पर ही घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। शाम चार बजे जब ग्रामीणों द्वारा बिजली घर पर हंगामा किया गया तभी विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए।

इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात आई तेज हवा के कारण फाल्ट होने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। सुबह विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। शनिवार को ग्राम पीपलसाना में लाइन पर पेड़ गिरने तथा ग्राम कुम्हेडा में ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी। जिसे ठीक कर सुचारु कर दिया गया है।

## राम चरित मानस का अखण्ड पाठ आरम्भ

**नजीबाबाद।** हवन यज्ञ के साथ श्री राम चरित मानस का अखण्ड पाठ अग्रवाल धर्मशाला चौक बाजार नजीबाबाद में आरम्भ हुआ। जिसमें मुख्य जजमान अनंत अग्रवाल रहे और राजेंद्र कर्णवाल, राजीव मेहरा, गोविंद, विनोद शर्मा, शिवम् शर्मा, आकाश नामदेव, हर्ष अग्रवाल, तोताराम, अमित यादव, राहुल अग्रवाल, शिवम् टॉक, प्रमोद सिंघल, हरिओम सिंघल आदि रहे। श्री रामचरितमानस पाठ का समापन रविवार 27 जुलाई को दोपहर दो बजे होगा और आरती भोग 4 बजे होगा।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक : 25.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है । निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 121-DRM-MB-25-26 dt. 25.07.2025 |
| कार्य का नाम | Flush butt welding of rails from Single rail/Three rail panels to (60kg/52kg) LWR by in situ Mobile Flash Welding under Sr. DEN/C/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 18.08.2025. |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 6,93,12,175.87 |
| धरोहर राशि | 4,96,600.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.08.2025 |

2287/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पंचायत बढ़ापुर, बिजनौर।**

पत्रांक:- 601/ नं.पं.बढ़ापुर/2025-26 दिनांक:- 26.07.2025

**सार्वजनिक सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों/ मान्यता प्राप्त संस्थाओं को सूचित किया जाता है, कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद बिजनौर श्वानवंशीय पशुओं (कुत्तों) का बान्ध्याकरण का कार्य कराना चाहती है। फर्म/ मान्यता प्राप्त संस्था के पास श्वानवंशीय पशुओं के बान्ध्याकरण हेतु आधारभूत संरचना जैसे ए.बी.सी. सैन्टर में कुल कैनल की संख्या, प्रत्येक कैनल की क्षमता (ल.चौ.) आपरेशन थियेटर की क्षमता (ल.चौ.), पशु चिकित्सक हेतु कक्ष संख्या, मेडिसिन स्टोर, पशुओं के भोजन हेतु स्टोर एवं पकाने का स्थान, श्वानों को लाने एवं ले जाने हेतु वाहनों की संख्या एवं क्षमता, शल्य चिकित्सा हेतु उपकरण होने चाहिए। इच्छुक फर्म/ संस्था नगर पंचायत बढ़ापुर, जनपद-बिजनौर में श्वानवंशीय पशुओं के बान्ध्याकरण हेतु अपनी निविदा/दरें, आधारभूत संरचना सहित बन्द लिफाफे में दिनांक- 28.07.2025 को 01.08.2025 समय दोपहर 2.00 बजे तक उपलब्ध करा दें। समस्त निविदायें दिनांक:- 01.08.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(ओम गिरी) (मौ. दिलशाद)
(अधिशासी अधिकारी) (अध्यक्ष)

नगर पंचायत बढ़ापुर, बिजनौर।

## एक नजर

### बिजलीघर पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शेरकोट।** देर रात आंधी बारिश के आने से चरमराई विद्युत आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने निगम के विरुद्ध बिजली घर पर प्रदर्शन किया तथा शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर धरना दिए जाने की चेतावनी भी दी। थाना क्षेत्र के गांव हाफिजाबाद के ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत कर्मचारियों की लापरवाही व हठधर्मिता के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चरमराई हुई है। चंद मिनटों की बारिश होने से घण्टों बिजली गुल कर दी जाती है। पिछले 24 घण्टे से क्षेत्र की बिजली गुल है। आरोप है कि जेई व अन्य सम्बंधित अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते। प्रदर्शन करने वालों में लवी चौहान, प्रमोद कुमार, जुबैर अहमद, मोहसिन, शुभम, मोनू, विकास, मुनिराज, रोहित, अतुल, सचिन, आकर्षित, शीशराम आदि मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार देर रात आयी आंधी के साथ बारिश से नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे पूरी रात बिजली के गायब होने से लोगों, बच्चों ने पूरी रात जाग के गुजारनी पड़ी है। एक तरफ 48 घण्टों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों, बच्चों की चीख निकाल दी है। वहीं बिजली के गायब होने से पूरी रात लोग परेशान नजर आये है। जबकि विद्युत विभाग के जेई विद्युत कर्मचारियों के साथ बिजली घर में आये फाल्ट को चैक करते रहे, लेकिन शनिवार दोपहर जाकर बिजली सही होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

### आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोतवाली देहात।** इमरान शमी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि किरतपुर निवासी आसिफ कुरेशी, आदिल चांद तथा मोहम्मद इरफान निवासी मोहल्ला मिर्जापुर बसी कस्बा तथा थाना किरतपुर के निवासी हैं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मौ. मसब कुरैशी, आरिफ, आदिल चांद, इरफान अपनी फेसबुक आईडी से प्रधान पति के फोटो वीडियो पर गंदे कमेंट करते हैं, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। इस संबंध में सोलह जुलाई को इमरान शमी द्वारा युवकों को फोन कर बात की गई। आरोप है कि तब उन्होंने गालियां दी तथा 10 लाख रुपए की मांग की। आरोपियों ने फोटो वीडियो एडिट कर बदनाम करने तथा जान से मारने की धमकी दी। ग्राम प्रधान द्वारा युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।


### ओम इंटरनेशनल में मेहंदी प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात।** ओम इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेश्वरी जट में अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर गीत, द्वितीय स्थान पर आसिफा, तृतीय स्थान पर आफिया रही। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान अक्षि, द्वितीय स्थान रिया, तृतीय स्थान निशाद रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक समिति में श्रीमती गरिमा शर्मा व मिस सोनिया रही। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सरजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों के अंदर हर्ष और उल्लास बढ़ाती हैं। तीज का त्योहार हरियाली का त्यौहार होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकगण का सहयोग रहा।

### इंटरमीडिएट करने के लिए सुनहरा अवसर

**चांदपुर।** किन्हीं कारणवश जो छात्र अपनी अगली पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हो। ऐसे जो छात्र कक्षा दस उत्तीर्ण करने के बाद संस्थागत या रेगुलर पढ़ाई जारी नहीं कर पा रहे है तो ऐसे छात्र दो वर्षीय पत्राचार में पंजीकरण कराकर वर्ष 2027 की इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में बोर्ड और व्यक्तिगत छात्र सम्मिलित हो सकते है। छात्र एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर में बोर्ड परीक्षा की निर्धारित तिथि 05 अगस्त से पूर्व तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

### बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर में सहरनूर प्रथम



**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर के बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। सहरनूर ने 72.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि मन्तशा ने 70 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और विवेक कुमार ने 68.7 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आदर्श नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों व विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिजवाना खान, ईरम शाहिद और निशा कलीम ने भी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नीलामी की एसडीएम से शिकायत

**नहटौर।** गांव फतेहपुर निवासी संजीव त्यागी, अशोक कुमार, सतेंद्र कुमार, सुनील कुमार, कुलदीप त्यागी, संदीप कुमार आदि ने एसडीएम को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि गांव में खसरा नम्बर 14 में कृषि बीज भंडार की बिल्डिंग व खाली भूमि है, जिस पर करीब 60 से 70 वर्ष पुराने 11-12 यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हुए थे। जिनकी नीलामी गुपचुप तरीके से वास्तविक मूल्य से काफी कम मूल्य में 85 हजार में कर दी। बताया जाता है कि उक्त भूमि को कृषि विभाग ने पूर्व में ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी थी। ग्राम प्रधान पति उदित चौधरी ने बताया कि उक्त नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार की गई है। कुछ लोग वेबजह बखेड़ा कर रहे है। नीलामी सार्वजनिक रूप से की गई है।

**साधारण सूचना**

यह सामान्य सूचना है कि मैं नसीम पुत्र जानी निवासी मिल्कियान, कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मंगलू गलत लिखा गया है। मेरा सही नाम नसीम है, जो संशोधित होना चाहिए। प्रमाणित किया जाता है कि मैंने सभी कानूनी आवश्यकताओं का पालन कर लिया है।

**साधारण सूचना**

यह सामान्य सूचना है कि मैं अजय कुमार गिरी पुत्र बृजेश कुमार गिरी निवासी झंडा किरतपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे नाबालिक पुत्र उत्कर्ष आयु 8 वर्ष के आधार कार्ड में मेरे नाबालिक पुत्र का नाम आर्यव गलत लिखा गया है। मेरे पुत्र का सही नाम उत्कर्ष है, जो उसी अनुसार संशोधित होना चाहिए। प्रमाणित किया जाता है मैंने अन्य कानूनी आवश्यकताओं का पालन कर लिया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पासपोर्ट में मेरा नाम QAMAR JAHAN गलत दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम (जो मेरे आधार कार्ड संख्या 584844450376 में अंकित है)

QAMAR JAMAL पुत्री श्री KABIR AHMAD

निवासी- मोहल्ला हकीमपुरा, कस्बा सहसपुर, थाना - स्योहारा, तहसील- धामपुर (जिला -बिजनौर) पिन कोड नं. 246745 रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# मुख्यमंत्री की चेतावनी के 24 घंटे बाद ही फेल हुई विद्युत व्यवस्था

## भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी, बिजली-पानी को तरसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भीषण गर्मी में धामपुर की जनता बिजली और पानी की किल्लत से बेहाल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़ी फटकार और सख्त निर्देश दिए गए थे कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है, ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और फॉल्ट जैसी समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए। लेकिन महज कुछ घंटे बाद ही उनके निर्देश हवा में उड़ते नजर आए, जब धामपुर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई।

**फॉल्ट और ट्रिपिंग का दिन भर चलता रहा सिलसिला**

सुबह 6 बजे कुछ देर के लिए बिजली आई, लेकिन बार-बार ट्रिपिंग और तकनीकी फॉल्ट के चलते आंख मिचौली चलती रही। 11:00 के लगभग बिजली घर में बड़ा फाल्ट हो गया, जिससे 3 घंटे पूरे नगर की आपूर्ति खत्म हो गई। दोपहर तक स्थिति जस की तस बनी रही। दोपहर करीब 2 बजे बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए शुरू हुई, लेकिन 3:15 बजे शेड्यूल कटौती के तहत फिर से आपूर्ति रोक दी गई। इससे पहले भी दिनभर में कई बार सप्लाई बाधित होती रही।

**रात भर गुल रही बिजली आमजन झुलसते रहे**

शुक्रवार रात धामपुर के सेंट मैरी रोड, पंजाबी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई। रात करीब 10:30 बजे चली आंधी के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई, जो पूरी रात बहाल नहीं हो सकी। इन्वर्टर डाउन हो गए और लोगों की नींद उड़ गई।

**पानी की भी हुई किल्लत मंदिर-मस्जिदों में भी असर**

बिजली की अनुपस्थिति ने पानी की समस्या को और गंभीर बना दिया। पंप बंद होने से लोग पीने के पानी तक को तरसते रहे। शहर की कई मस्जिदों और मंदिरों में भी पानी न होने की वजह से धार्मिक कार्य प्रभावित हुए।

**जनता परेशान, अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे**

स्थानीय निवासियों ने जब विद्युत अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो किसी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। लोगों का कहना है कि अगर मुख्यमंत्री की फटकार का असर भी अधिकारियों पर नहीं हो रहा, तो आमजन की फरियाद कौन सुनेगा?

**मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद लापरवाही जारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले ही लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में साफ कहा था कि अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति से जुड़ी सभी समस्याओं जैसे फॉल्ट, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज को लेकर गंभीर होना चाहिए। लेकिन धामपुर में हालात ने उनकी बातों को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिस विभाग पर मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया, उसी विभाग की लापरवाही जनता को झेलनी पड़ रही है।

**नगरवासियों की मांग जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई**

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि बार-बार ट्रिपिंग और बिजली संकट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# बंद घर में युवक का शव मिला

**नजीबाबाद।** आज सुबह नगर की पालोमल कालोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का उसी के बंद घर में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।

आज सुबह थाना पुलिस को पालोमल कालोनी में 25 वर्षीय युवक दिलशाद उर्फ बाबू के अपने घर में बंद होने तथा रात को सोने के बाद सोकर न उठने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा तो युवक बाबू वहां मृत अवस्था में चारपाई पर सीधा लेटा हुआ था तथा उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर सील कर दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। क्षेत्र में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की अफवाह उड़ गई। पुलिस की जांच में पता चला कि युवक का पिता किरतपुर गया हुआ था, बीती रात घर में युवक अकेला था, वह शराब पीने का आदी था। नशे में वह अपने घर के फर्श पर अचानक गिर गया। जिससे उसके सिर में चोट लगी तथा बाद में चारपाई पर लेट गया। उपचार न मिलने के कारण उसकी रात में ही किसी समय मौत हो गई। युवक के घर का दरवाजा अंदर से बंद रह गया।

# शार्ट सर्किट से कार जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शनिवार सुबह नगर के मोहल्ला बंदूकचियान में उस समय हड़कंप मच गया जब एक वेगनआर कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह लगभग 6 बजे की है। स्थानीय निवासी नूर की वेगनआर कार उनके घेर में खड़ी थी। अचानक उसमें धुआं उठता दिखाई दिया। जैसे ही परिजनों ने यह देखा, वे तुरंत बाहर दौड़े और स्वयं आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई काबू नहीं पाया जा सका।

फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। हालांकि तब तक पूरी कार जलकर राख हो चुकी थी।

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति आग की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि मोहल्ले के अन्य लोग भी घरों से बाहर निकल आए। कार मालिक नूर ने बताया कि इस घटना में उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की भी मांग की है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में शनिवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं ने तरह-तरह के आकर्षक मेंहदी डिजाइनों के माध्यम से अपने हुनर और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक मोहम्मद साईम राजा व मरियम साईम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रदर्शित कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देती हैं और उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। मेंहदी प्रतियोगिता में उजमा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इरम नाज द्वितीय और नाजिया परवीन तृतीय स्थान पर रहीं। कॉलेज स्टाफ और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूर्व मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉक्टर मोहित बंसल ने भी छात्राओं के टेलेंट को खूब सराहा।

# आरबीडी में दीक्षारंभ कार्यक्रम

## नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महाविद्यालय के पावन प्रांगण में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु छह दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पारुल त्यागी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू अरोड़ा एवं कार्यक्रम समन्वयक एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू द्वारा सामूहिक रूप से मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए संगीत विभाग द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई।

तत्पश्चात गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम द्वारा संबोधित किया गया। इस संबोधन को



छात्राओं को लाइव दिखाया एवं सुनवाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं के भीतर जोश व ऊर्जा भरते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो रात में देखे जाए, सपने वह होते हैं, जो दिन में देखे जाए। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना ही नहीं है, बल्कि देश को एक सही दिशा भी देना है। कक्षा-कक्ष ऐसे हो जहां अधिक से अधिक संभावनाएं पैदा हो सके। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक एक चेतना है, वह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं। वह छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करता है।

अपने वक्तव्य में उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा को जीवन और संस्कार से जोड़ेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। उन्होंने एक सांस्कृतिक व भौतिक युग का आह्वान किया। जिसका आधार ज्ञान सेवा वह नवाचार को बताया। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पारुल त्यागी ने सभी नव प्रवेशित छात्राओं के साथ बातचीत की वह महाविद्यालय में उनका स्वागत किया व उन छात्राओं की प्रशंसा की, जो महाविद्यालय की वेशभूषा में आई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा दिये गये उद्घोषण में उनके द्वारा की गई सभी अपेक्षाओं पर हम खरा उतरेंगे और शालिन आचरण को अपने जीवन में उतारेंगे। हमारा व्यवहार ऐसा हो, जो हमारी संस्कृति व वातावरण को झलकाए। उन्होंने छात्राओं को कठिन परिश्रम करने वह समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका है, इसको स्वच्छ रखें क्योंकि विद्यालय भी एक मंदिर होता है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरू द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र व शिक्षक एक सिक्के के दो पहलू है। इसके बाद सभी नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरण किया गया। प्राचार्य ने समस्त नवप्रवेशित छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से फोटो ली। कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉ. अनु रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में श्रीमती सारिका सिंह, डॉ. रिचा शर्मा, श्रीमती रेनू कुमारी एवं कु. शताक्षी शर्मा का योगदान रहा।

# रालोद की सदस्यता ग्रहण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के सक्रिय सदस्यता अभियान को जोरदार समर्थन मिलता दिख रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम रालोद प्रदेश सचिव काजी तारीक अली के मौहल्ला काजियान स्थित आवास पर एक विशेष सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों मुस्लिम युवाओं व गणमान्य लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काजी तारीक अली ने कहा कि अल्पसंख्यकों, अगड़ी, पिछड़ी जातियों के लोगों का भविष्य रालोद में सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि रालोद की स्थापना भारत रत्न व किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने की थी, जिन्होंने जीवन भर किसानों और मुस्लिमों के हक के लिए संघर्ष किया। रालोद के युवा क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब ने कहा कि आज का मुस्लिम युवा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़ रहा है, लेकिन वह मंच नहीं मिल पा रहा, जो रालोद दे रहा है। उन्होंने इसे एक मजबूत मुहिम करार देते हुए कहा कि इस अभियान को आगे बढ़ाना, हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के हाथ और मजबूत हों। रालोद के जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिजनौर, हसनैन जैदी ने भी मुस्लिम समुदाय से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर वकार मकरानी, वकीलउद्दीन, बहारें आलम, शहाबुद्दीन, दिलशाद, जुल्फिकार, मौहम्मद अशरफ, मौहम्मद सलीम, मौहम्मद फिरोज, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद आजाद, मौहम्मद अजमल, मौहम्मद अहद, मौहम्मद इलयास, अबू बकर अदनान, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद अनस, काजी राशिद आलम, शमीम अहमद सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव काजी तारीक अली ने की, जबकि संचालन युवा रालोद के क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब व हसनैन जैदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में संदीप चौधरी (जिला अध्यक्ष युवा अखिल भारतीय जाट महासभा), सजगबीर सिंह बाबा, सलमान मलिक, अब्राहम, यूसुफ भाई सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर काजी तारीक अली और चौधरी शोएब ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस नहीं कर रही पूछताछ संयम को कैसे मिलेगा इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** प्रेम प्रसंग में गई युवक की जान से पूर्व जो पुलिस केवल पोस्टमार्टम को बॉडी उठाने के लिए तरह तरह के वादे पीड़ित परि. जनों से कर रही थी। वहीं पुलिस अब ऐसे बदल गई जैसे आज कल पल भर में मौसम बदल रहा है ।

विदित हो कि बीती 23 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट निवासी आत्मराम के इकलौते बुढ़ापे के सहारे संयम शर्मा ने प्रेमिका द्वारा तीन साल के प्रेम में धोखा मिलने और उससे लाखो रुपये ऐंठने के चलते जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों का कहना है कि मृतक ने मरते समय फोन कर युवती द्वारा लाखो रुपये ऐंठने और अब युवती के परिजनों द्वारा उसका रिश्ता कही ओर कर देने के चलते उस पर तरह तरह से दवाब बनाने की बात कही थी । सयंम ने मरने से पहले जहर खाने और अब सब की टेंशन खत्म हो जाने की बात कही थी।

### पुलिस के अनुसार नहीं बनता अपराध

हीमपुर दीपा पुलिस की माने तो युवक के खिलाफ पहले ही जबरन परेशान करने का प्रार्थना पत्र आ गया था। जिससे समझाने का प्रयास भी किया गया परंतु उसने स्थिति को समझने के बजाय आत्महत्या का कदम उठा लिया जिसमें युवती और उसके परिजनों का कोई दोष नहीं है। इसीलिए उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करना संभव नहीं है।

### जान ने ही ले ली जान

मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया हैं कि संयम उक्त युवती से तीन सालों से बेपनाह मुहब्बत करता था। इतना ही नही कोचिंग क्लास में युवती द्वारा ही युवक को अपना नम्बर देकर अपने प्रेमजाल में फंसाया गया था । बताया जाता है कि मण्डावर थाना क्षेत्र निवासी प्रेमिका अब तक संयम से लाखों रुपये कैश और लाखो रूपयो के गिफ्ट ले चुकी थी। जिस मामले को हीमपुर दीपा पुलिस युवक द्वारा परेशान करने और स्वयं मौत को गले लगाने का मामला समझ रही है। वह दरअसल डराने, धमकाने और बीच रास्ते मे प्रेमिका द्वारा युवक को तन्हा छोड़ देने का मामला है। उधर मृतक के पिता ने प्रेमिका और उसके परि. जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने पर अपनी तीनो बेटियों सहित हीमपुर दीपा थाना गेट पर आत्महत्या कर लेने की चेतावनी दी है।

### अन्य युवक से भी 2 लाख ठगने का आरोप

उक्त युवती का संयम ही केवल एक अकेला आशिक नहीं था बल्कि सूत्र बताते है कि इससे पूर्व भी एक युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उक्त युवती के परिजन 2 लाख में फैसला तक कर चुके है।

# पुलिस ने मिट्टी खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बागा नांगल के समीप शनिवार को पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। जबकि दूसरा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पकड़े गए वाहन को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बागा नांगल के पास दबिश दी। मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी से भरा हुआ पकड़ा, जबकि दूसरा चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाकर सीज कर दिया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

# विजय दिवस पर वीर शरद कुमार को नमन

## शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पण, युवाओं को देशभक्ति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों की स्मृति में गुरुवार को नगर में कारगिल विजय दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र महाराणा प्रताप चौक रहा, जहां सुनामी त्रासदी में शहीद हुए नगर के वीर जवान शरद कुमार चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में शामिल नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने शहीदों की वीरगाथा का स्मरण करते हुए उनकी आत्मा को नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' तथा जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित कई पदाधिकारियों ने आरएसएम तिराहा पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्प



अर्पित किए। इस दौरान शहीद के पिता जयवीर सिंह को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले जवान हमारी असली पूंजी हैं और उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, ललित सैनी, अनिल कुमार, बृजेश वर्मा, राहुल अग्रवाल, संदीप चौधरी, संदीप चौहान, मनीष शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहीदों को समर्पित इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को यह संदेश दिया गया कि देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक कर्तव्य है, जिसे निभाने के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## एक नजर

### नहर में डूबने से मजदूर की मौत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के चंदक हेड के पास एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक कामेश पुत्र यशपाल की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक योगानुकूल कृषि फार्म भागूवाला में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार को दोपहर के समय घटी जब कामेश अपने साथियों अनिल व चिंटू के साथ खेत की सिंचाई के लिए नहर से पानी खींच रहा था। गर्मी के चलते तीनों ने नहर में नहाने का फैसला किया। कामेश ट्रैक्टर की छत से कूदते वक्त संतुलन खो बैठा और चोट लगने से वह बेहोश होकर डूब गया। साथी युवक उसे नहाता समझकर चले गए। जब वह दोपहर तक नहीं लौटा तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन रात तक सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को सुबह दोबारा शुरू किए गए तलाशी अभियान में मजदूर का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर बरामद हुआ। कामेश का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने शव को योगानुकुल कृषि फार्म के सामने रखकर फार्म इंचार्ज को बुलाने की मांग की। मौके पर थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज संजय यादव, एसआई योगेंद्र सिंह, एसआई देवपाल व भारी पुलिस बल तैनात रहा। फार्म इंचार्ज व मृतक के परिजनों के बीच हुई वार्ता में मृतकों को सहायता राशि, मृतक के पिता को नौकरी व भाई को स्थायी रोजगार देने पर सहमति बनी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की पुष्टि की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### मेहंदी एवं केश प्रतियोगिता आयोजित



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी, केश सज्जा, सावन गीत प्रतियोगिताएं मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति अनीता, पारुल, प्रधानाचार्या श्रीमती अभावती के द्वारा हुआ। उन्होंने बताया कि यह पर्व हरियाली ताजगी प्रेम और आनंद लेकर आता है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में बाल वर्ग में राधिका, हेमलता, आलिया, किशोर वर्ग में मानसी, परी, पल्लवी, तरुण वर्ग में जिया, खुशी, निधि व केश सज्जा में बाल वर्ग में पूर्वी, आराध्या, रूही, सागर, किशोर वर्ग में निशा सैनी, आराध्या, प्रेरणा राजपूत, तरुण वर्ग में गुंजन, शालू, तनु सैनी व सावन गीत में बाल वर्ग में पीहू गुप्ता, फिल्जा, तनुश्री, किशोर वर्ग में मीनाक्षी, चीनू, वंशिका, तरुण वर्ग में अंशिका, पावनी, अनु ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना के द्वारा किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाएं रेनू, अपर्णा, अनीता, मीनाक्षी, पारुल, पूर्णिमा, सरिता, प्रीति इशिका, खुशबू, प्रियंका, मेघाना उपस्थित रही।

### खाटू श्याम का दरबार सजाया



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में सजाए गए बाबा खाटू श्याम के 123 वे विशाल दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने पारंपरिक जयकारों से कार्यक्रम स्थल को श्याम मय बना दिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र वशिष्ठ के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। कार्यक्रम का समापन श्याम वंदना एवं सामूहिक आरती से किया गया।

### मरियम, अनविका और नित्या बनीं तीज क्वीन



**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल के किंडरगार्डन विभाग में हरियाली तीज का आयोजन किया गया। इस अवसर छात्राएं हरे रंग की पोशाक पहनकर विद्यालय आई शिक्षिकाओं के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी क्लास से घनिष्ठा, क्लास एलकेजी से नेहल और क्लास यूकेजी से रिद्धि चौहान विजय रहे। जिनमें मरियम, अनविका और नित्या को तीज क्वीन चुना गया। प्रधानाचार्या द्वारा तीज क्वीन को ताज पहनाकर पुरस्कृत किया गया। बच्चों को तीज के बारे में जानकारी देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### छड़ियों का मेला 31 जुलाई को

**धामपुर।** मुख्य बाजार स्थित बालाजी महाराज के मंदिर के निकट 31 जुलाई को आयोजित होने वाले छड़ियों के मेले की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। उक्त जानकारी देते हुए मेला स्थल के वर्तमान प्रमुख पंडित रवि शंकर शर्मा ने बताया कि मेले में मुख्य रूप से स्थापित की जाने वाली छड़ी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपादित किया जाता है। यह मेला पिछले लगभग 10 दशक अर्थात 100 वर्षों से भी अधिक समय से इसी स्थान पर उनके पूर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई परंपरा के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहने का आह्वान किया।

### आईटीआई की परीक्षाएं 28 से

**बिजनौर।** जनपद में संचालित चार राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई की अखिल भारतीय व्यावसायिक सीबीटी परीक्षाएं 28 जुलाई से जनपद में राजकीय आईटीआई में प्रारंभ होगी, जो 22 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस परीक्षा में 4060 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सुचारू पूर्वक एवं नकल विहीन कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं पुलिस बल की व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा विभागीय नियमानुसार कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक एवं वरिष्ठ अनुदेशक भी तैनात रहेंगे। यह जानक. ारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थी अपने साथ ऑनलाइन निकला हुआ प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त आईडी जैसे आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएंगे। इसके अभाव में उन्हें परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैलकुलेटर इत्यादि परीक्षा केंद्र पर लाने की अनुमति नहीं होगी।

### पिकअप वाहन चालक से मारपीट

**नहटौर।** ग्राम बच्चावाला में एक पिकअप वाहन चालक के साथ कहा. सुनी को लेकर दो युवकों ने मारपीट की। घायल युवक के द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्राम जमालपुर निवासी सोमपाल पुत्र कल्लू कमालपुर से अपने पिकअप द्वारा ग्राम बच्चेवाला पहुंचा। वहां से गिलाड़ी से मछली का बीज उठाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक युवक द्वारा नशे में गाड़ी हटाने को लेकर गाली-गलौज व मारपीट की। जिसमें सोमपाल घायल हो गया। उसका शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। घायल अवस्था में सोमपाल थाने पहुंचा, घटना की पुलिस को जानकारी दी तथा पुलिस ने उसको उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कर दिया। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। उपचार के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जंगला तोड़कर और मकान की छत के सहारे घर में घुसे चोर आहट होने पर हुई जाग मचा शोर

# दो मकानों से जेवर व नकदी समेत लाखों की चोरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गांव-गांव और गली मौहल्लों में चोरों की दहशत जहां बरकरार हैं, वहीं शहर के मौहल्ले में भी चोरो ने अपनी दस्तक दे दी है। जंगला तोड़कर और छत के सहारे मकान में घुसे चोर जेवर व नकदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर ले गए। आहट होने पर जागे ग्रह स्वामी के शोर पर आसपास के लोग एकत्र हुए। जबकि सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची,लेकिन चोर हाथ नहीं आ सके।



नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित रामलीला मैदान से कुछ आगे किशन पुत्र हरिलाल का परिवार रहता है। उसके दो पुत्र सचिन और मणी नोएडा में काम करते हैं। जबकि सचिन की पत्नी सुनीता घर पर रहती है। शुक्रवार/शनिवार की देर रात्रि में चोरों ने मकान का जंगला तोड़ लिया और अंदर घुस गए। ग्रह स्वामिनी सोती रही और चोर मकान के अंदर रखे सोने की झुमकी और सोने की बाली तथा चांदी व पीतल की देवी-देवता की मूर्ति और दस हज़ार की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। चोरों का कहकर यहीं नहीं थमा। चोर ने इसी मौहल्ले के गोलेश्वर महादेव मंदिर सामने स्थित गली निवासी राजीव शर्मा के मकान पर धावा बोल दिया। छत के सहारे चोर अंदर घुस गया। मकान में राजीव शर्मा का बेटा अंकित भी सो रहा था। चोर ने एक लैपटॉप और दो मोबाइल व 25 हज़ार रूपये भरा एक पर्स चोरी कर लिया और फरार हो गए। इसी बीच आहट होने पर ग्रह स्वामियों की आंख खुली तो सारा सामान गायब देख शोर मचाया। चोर ओर चोरी होने का शोर मचते ही आसपास के काफी लोग एकत्र हो गए। सूचना पाकर पुलिस भी आ गयी। लोगों और पुलिस ने इधर-उधर चोरों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। मकानों में चोरी से लोगों में दहशत बढ़ गयी है।

## काउंसलरों के प्रयासों से रूठे परिवार हुए एक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस परार्मश सुलह समझौता केन्द्र पर काउंसलरों से प्रयासों से रूठे 11 परिवार एक हुए।

बहजोई कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल 93 पत्रावली सुनकर 24 का निस्तारण किया गया। जबकि 11 परिवार को मिलाया गया। 8 मामले न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। इसके अलावा 5 पत्रवली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर लव मोहन वार्ष्णेय श्वेता गुप्ता कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक आदि मौजूद रहे।

# मासूम छात्रा की मौत हादसा या हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बस से कुचलकर मां के सामने ही सांसे तोड़ने वाली मासूम छात्रा के साथ हादसा या फिर उसकी हत्या की गई है यह तो जांच का परिणाम सामने आने के बाद ही पता चल सकेगा लेकिन जिस तरह से जिम्मेदार का व्यवहार है उससे अचानक नहीं बल्कि जानबूझकर मासूम छात्रा को बस से कुचलकर मरवाया गया होना अधिक प्रतीत हो रहा है।

स्कूलों में मासूम बच्चों के साथ तरह-तरह के दुर्व्यवहार के काफी मामले समय असमय सामने आते रहते हैं। शासन प्रशासन की सख्ती के चलते गले में फंदा पड़ने के डर से ऐंसे मामलो में जिम्मेदार किसी भी हद से गुजरने में कोई हिचकिचाहट महसूस नहीं करते हैं। ऐंसे एक नहीं अनेको मामले सामने आये है कि जब-जब इस तरह से हुई मौतों की गहरायी से जांच की गयी है तो सामान्य अथवा हादसों में नहीं बल्कि किसी न किसी दुर्व्यहार के चलते ही हत्या कराकर उन्हे हादसो के रूप दिया गया है। मां के सामने बस से कुचली गई मासूम छात्रा की मौत हादसे से हुइ है लेकिन यह हादसा अचानक हुआ या फिर इसके पीछे भी कोई और भी कारण है इसकी जांच भी गहरायी से की जाना भी ज़रूरी बन गया है, क्योंकि स्कूल संचालक का जो व्यवहार सामने आ रहा है उससे शक की सुई गहरी होती जा रही है। ऐंसा इसलिए भी माना जाने लगा है कि स्कूल संचालक की और से न तो परिजनों को अभी तक सांत्वना दी गई है और न ही उसने बस चालक का नाम बताया। जबकि किसी सकूल में छात्र अथवा कर्मचारी या शिक्षक की मौत स्वभाभिक अथवा किसी अन्य कारणों से होती है तो स्कूल के संचालक समेत पूरा स्टाफ दिवंगत के परिवार को सांत्वना देने जाते हैं लेकिन स्कूल की बस से मासूम छात्रा की मौत को कई दिन गुजर जाने के बाद भी स्कूल संचालक की और से परिजनों को सांत्वना देना तो दूर बल्कि उनसे बात करना भी नहीं चाहता है। अब स्कूल संचालक का यह असामाजिक व्यवहार किसलिये और क्यों है इसका पता पूछताछ के बाद ही चलेगा लेकिन चर्चा है कि स्कूल संचालक प्रबंधक पहले से ही शातिर है। सम्भावना है कि मासूम छात्रा के साथ कोई दुर्वयवहार मारपीट आदि की गई हो। मासूम अपने परिजनों को बताती मगर उसे बस से कुचलकर मरवा दिया गया। स्कूल संचालक ने इसीलिए बस चालक का नाम नहीं बताया। क्योंकि नाम पता लगते ही पुलिस उससे पूछताछ करेगी ओर पूछताछ में वह टूट जाने से सच्चाई सामने आते ही गले में फंदा पड़ने से बचा नहीं जा सकेगा।

# भाजपा बदलना चाहती है संविधान की विचारधारा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी बैठक में संविधान मान स्तम्भ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अयक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अताउर रहमन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में पी डी ए की हक की लड़ाई लड़ने को संविधान मान स्तम्भ दिवस मना रही है। उन्होंने कहा राजर्षि छत्रपति शाहु जी महाराज ने 26 जुलाई 1902 को आरक्षण अपने राज्य कोल्हापुर महाराष्ट्र में लागू किया। उन्होंने कहा शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में पचास प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। जबकि भाजपा देश संविधान बदलना चाहती है देश को पूंजी पति के हवाले कर किसानों को खाद बीज नहीं दे पा रही है। राज्य सभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि संविधान को आज बचना जरूरी है। भाजपा संविधान की विचारधारा को बदलना चाहती है। भाजपा समाजिक न्याय मे अड़चन पैदा कर रही है और वह संविधान से समाजवाद पंथ निरपेक्षता को हटाना चाहती है। उन्होने कार्यकर्ताओं से वोटर लिस्ट जरुर चैक कर वोट बनाने पर काम करने को कहा। विधायक पिंकी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े दलित अल्पसंख्यक का हक छीन रही हैं। कार्यकर्ता को अपने बूथ पर वोट चैक कर वोट बनवाने का काम करना चाहिए। कार्यक्रम को विधायक राम खिलाड़ी यादव पूर्व विधायक राजेश यादव पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कृष्ण मुरारी शंखधार प्रमोद यादव अखिलेश यादव रामू यादव भावना सक्सैना संगीता पाल सुनीता यादव राजेश कुमारी अमित यादव ताहिर उल्ला खान उमेश यादव भावेश यादव आदि मौजूद रहे।

# महा शिवपुराण कथा में माता सती का सुनाया प्रसंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला जुलेहपुरा के अग्रवाल मार्केट में आयोजित शिव पुराण कथा में कथा व्यास आचार्य राजन दीक्षित ने कहा कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया था। उसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया। लेकिन बेटी सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया। जब सती को यह पता चला तो उन्हें बड़ा दुख हुआ और उन्होंने भगवान शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी। लेकिन भगवान शिव ने उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि बिना बुलाए कहीं जाने से इंसान के सम्मान में कमी आती है। लेकिन माता सती नहीं मानी और राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। वहां पहुंचने पर सती ने अपने पिता सहित सभी को बुरा भला कहा और स्वयं को यज्ञ अग्नि में स्वाहा कर दिया। जब भगवान शिव को ये पता चला तो उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर राजा दक्ष की समस्त नगरी तहस- नहस कर दी और सती का शव लेकर घूमते रहे। भगवन विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से माता सती के शरीर टुकड़े-टुकड़े कर किए। जहां शरीर का टुकड़ा गिरा वहां-वहां शक्तिपीठ बनी। इस मौके पर रेनू अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, राकेश कुमार,मनोज कुमार,अमित आदि मौजूद रहे।

# हरियाली तीज पर मेहंदी लगाने का विशेष महत्व



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हरियाली तीज से पूर्व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विष्णु कुमार, अतुल कुमार शर्मा तथा सेवाराम सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

विकास क्षेत्र पवांसा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में साहित्य कला संगम की महामंत्री पूनम शुक्ला ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर हमारे घरों में जिस प्रकार साज-सज्जा होती है उसी प्रकार हमें भी अपने आप को तरोताजा रखने के लिए विभिन्न प्रकार के श्रृंगार करने चाहिए। जिसमें मेहंदी का विशेष स्थान है। इस अवसर पर छात्राओं के बीच, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कराना अच्छी पहल है। कार्यक्रम संयोजक तृषा लोधी ने कहा कि समय के अभाव में महिलाओं ने मेंहदी खरीद कर हाथों पर रचना शुरू किया है जबकि प्राकृतिक हरी मेंहदी को पीसकर हाथों पर लगाने का अपना विशेष महत्व होता है। हमें पुनः उसी परम्परा पर लौटना चाहिए ताकि हम अपने त्यौहारों की औपचारिकताओं का निर्वहन करते हुए उसके महत्व को भी समझ सकें। मेंहदी प्रतियोगिता में पैंतीस छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें अजरा बी ने प्रथम, सावित्री व हिमांशी ने द्वितीय तथा रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में शिवानी शर्मा, स्नेहलता चौधरी और श्यामभवी मिश्रा रहीं। इस अवसर पर नोडल शिक्षक सेवाराम सिंह, ग्राम प्रधाान विष्णु कुमार ऊर्फ विनय चौधरी, अतुल कुमार शर्मा, मामराज, देववती, अनीता रानी, मनीष जोशी,चरन सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पवित्र गंगा जल लेने हरिद्वार रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का जलाषिक करने को पवित्र गंगजल लाने कांवरियों का आवागमन जारी है। भोले की नगरी हरिद्वार से गंगजल लेने कांवरियों का जत्थे ने प्रस्थान किया।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा शिव मंदिर शिव भक्त कावड़ियों का जत्था हरिद्वार डाक कावड़ लेने के लिए किया प्रस्थान किया। जल लेकर आने वाला कांवड़ियों का जत्था मोहम्मदपुर टांडा शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेगा। शिव भक्त कांवड़ियों में वर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा नरेंद्र शर्मा पंकज शर्मा मास्टर राजीव चौधरी विवेक चौधरी अमित चौधरी मोहित शर्मा दीपक

### ग्राम मौहम्मदपुर टांडा शिव मंदिर पर करेंगे जलाभिषेक

शर्मा धीरज शर्मा हर्षित शर्मा रोहित वर्मा आकाश चंद्रा रिंकू कश्यप राजा कश्यप सनी कश्यप अंकित कश्यप सीटू कश्यप बाबू कश्यप मोनू कश्यप छोटू कश्यप पहलाद कश्यप छत्रपाल कश्यप सनी कश्यप छोटू वर्मा अनिकेत चौधरी पवन कश्यप नमन कश्यप मनु शास्त्री विनीत शर्मा अंकित शर्मा शुभम शर्मा शिव शर्मा आलम वीर लोकेश पाल आयुष ठाकुर रोहित ठाकुर डा. अरविंद सिंह पुलकित चौधरी आकाश शर्मा चौधरी मुन्ना सिंह आदि शामिल रहें

# देश के वीर सैनिकों की वजह से बनी रहती है सुरक्षा



सम्भल। भाजपा कार्यालय पर कारगिल विजय पर गोष्ठी को सम्बोधित करते।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शौर्य और पराक्रम के प्रतीक कारगिल विजय दिवस पर जिला संगोष्ठी आयोजित की गई।

भाजपा के एकता विहार कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी की शुरूआत भारतमाता दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर की गई। पूर्व सेनिक महेश यादव एवं संजय चौधरी को पटका पहना कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी में महेश यादव ने कहा कि देश सेवा ही जीवन की सबसे बड़ी सेवा है। मेंने अपने पूरे जीवन की सर्विस के कार्यकाल में तनमन से अपने देश की सेवा की। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा की मेरा कार्यकाल ज्यादा तर कारगिल में रहा। जहां बहुत ज्यादा ठंड होती है। वंहा पर डयूटी करना भी एक बीमसमदर की बात है, लेकिन एक सैनिक अपने देश की सुरक्षा के लिए जान जोखिम में डालकर अपनी डयूटी को अंजाम देता है और समय आने पर दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देता है। उन्होने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी की ऐंसी सरकार है, जिसने सेनिको के दर्द को समझा है और भारतीय सेना को आवश्यकता नुसार सुविधाएं उपलब्ध करायी है। पूर्व एलएलसी चंद्रपाल सिह ने कारगिल युद्व की विस्तृतें चर्चा करते वीर सैनिकों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सैनिको का और उनकी देशभक्ति का सम्मान किया है। जिनकी वजह से हमारे देश की

### कारगिल विजय दिवस पर भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी

हमेशा सुरक्षा बनी रहती है और देश के दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देती है। संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व जिलाधयक्ष भीष्म शर्मा ने व संचालन पूर्व जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। संगोष्ठी में लोक सभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सेनी राजेंद्र यादव, डा. नरेंद्र सिह विरलेश यादव, हनी यादव, भारत सिह यादव, ह्रदयेश यादव, दीपक यादव,सुधीर मेहरोत्रा, अंकित जेन संजय गुप्ता विपिन गुप्ता आमोद जी सतीश अरोरा मनोज, योगेन्द्र त्यागी देवेन्द्र सिह जयप्रकाश गुप्ता सौरभ गुप्ता सोनू चहल सागर रस्तोगी अमित वार्ष्णेय संध्या गर्ग महावीर सिह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्योहार देता है सांस्कृतिक व एकता का परिचय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति महिला मंच द्वारा आयोजित तीजोत्सव में निधि दीक्षित ने तीज क्वीन का खिताब जीता। सभी महिलाओं ने निधि दीक्षित को तीज क्वीन की पदवी सौंपकर, ताज पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर हिंदू जागृति मंच का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

बहजोई रोड स्थित रेस्टोरेंट में आयोजित तीज उत्सव में अनेक महिलाओं ने सावन की मल्हार का सामूहिक गायन किया। सामूहिक नृत्य करते हुए तीज क्वीन के सम्मान में अभिनंदन गीत गाए गए। मेहंदी, मल्हार, गीत गायन, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, हाजिर जवाबी जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सफल महिलाओं को हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से चुनी गई तीज क्वीन निधि दीक्षित ने कहा कि श्रावण मास कावड़ यात्रा, मल्हार गायन, झूला और मदमस्त आयोजनों के लिए जाना जाता है। उन्होंने शिव पार्वती का संवाद सुनाकर हरियाली तीज एवं श्रावण मास का आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व रेखांकित किया। महिलाओं ने तीजोत्सव कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर धमाल मचाया। हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि हिंदू जागृति महिला मंच सभी परंपरागत त्यौहार और अवसरों पर सार्थक संदेश देते हुए सांस्कृतिक एकता का परिचय देता है।

# कन्नौज के राजपूत-ठाकुर नहीं मनाते तीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कन्नौज से सम्भल आए ठाकुर तीज नहीं मनाते है। लगभग 981 सालों से चली आ रही यह परम्परा आज भी कायम है।



मौहल्ला हल्लू सराय निवासी ठाकुर लवकेश सिंह राठौड़ ने बताया कि बात उस समय की है जब भारत पर सम्राट जयचंद गहरवार राठौड़ और अजमेर के राजा पृथ्वीराज चौहान का राज था। पृथ्वीराज चौहान अपनी बेटी बेल के लिए रिश्ता देख रहा था उस समय पूरे भारत में कहीं भी बेला के योग्य लड़का नहीं मिला। जब यह बात गढ़ महोबा राज्य के राजा परमाल चंदेल को पता चली तब उन्होंने आल्हा ऊदल से कहकर अपने बेटे राजकुमार ब्रह्मा का विवाह करने के लिए कहा। आल्हा ऊदल ने तलवार की नोक पर पृथ्वीराज चौहान की बेटी बेला और ब्रह्मा का विवाह कराया। किंतु पृथ्वीराज चौहान चंदेलों को अपना रिश्तेदार के योग्य नहीं समझते थे। कुछ समय बाद जब बेला का गोना करने के लिए राजा परमाल ने आल्हा ऊदल से कहा तो उरई के राजा माहिल ने एक चाल चली उसने कहा की राजन अपना राजकुमार ब्रह्मा इतना शक्तिशाली है कि वह बेला का गोना स्वयं कराकर ले आएगा। माहिल की बात मानकर राजकुमार ब्रह्मा अपने 10000 चंदेलों की सेना लेकर सम्भल की ओर कूंच किया। यह खबर मिलते ही कि राजकुमार ब्रह्मा अकेले आ रहा है पृथ्वीराज चौहान ने धोखे से उन पर हमला बोल दिया। जिसके कारण सम्भल में चौहानों और चंदेलों के बीच एक भयंकर युद्व हुआ। उसमें चंदेलों की हार हुई जब यह बात राजा परमार को पता चली तो उन्होंने आल्हा ऊदल मलखान सुलखान तारा सैयद कोई ये खबर दी। आल्हा ने कन्नौज के सम्राट जयचंद राठौर से मदद मांगी। उन्होंने राजकुमार लाखन से कहा कि तुम अपनी सेना लेकर राजा परमाल की सहायता करो वह अपनी सेना लेकर सम्भल की ओर चल दिए। आल्हा ऊदल भी अपनी सेना लेकर सम्भल की ओर चल दिए जब यह बात पृथ्वीराज चौहान को पता चली तो वह भी अपनी सेना दिल्ली से लेकर सम्भल की ओर चल दिए। आल्हा ऊदल और पृथ्वीराज चौहान के बीच में बहुत भयंकर युद्व हुआ जिसके कारण चौहानों की हार हुई और वह बेला का गौना कराकर सम्भल ले आए। कुछ समय बाद ब्रह्मा का देहांत हो गया तो बेला ने सती होने के लिए आल्हा से कहा तो आल्हा ने लाखन को आदेश दिया कि वह चंदन की लकड़ी लेकर आए। जब लाखन चंदन की लकड़ी लेकर आए तो उनकी कुल्हाड़ी इस चंदन के बाग में रह गई कुछ समय बाद बेला सती हो गई तो लखन को याद आया कि वह अपनी कुल्हाड़ी इस बाग में छोड़ आए हैं लखन को वरदान था कि उसी के हथियार से उसको मारा जा सकता है। जब पृथ्वीराज चौहान को यह पता चला कि लखन की कुल्हाड़ी इस बाग में रह गई है तो वह अपने सैनिकों के साथ इस बाग में छुपकर लाखन का इंतजार करने लगा जब लखन अपनी कुल्हाड़ी लेने वहां पहुंचे तो चौहानों ने पीछे से हमला कर दिया उसे दिन सावन में तीज का त्यौहार मनाया जा रहा था उसी दिन लखन को धोखे मार दिया गया। इसी वजह से कन्नौज रियासत की राजपूत ठाकुर तीज का त्यौहार नहीं मानते हैं।

# महिला अग्रवाल चुनी गई तीज क्वीन



सम्भल। भारत विकास परिषद के तीजोत्सव में तीज क्वीन को उपहार देकर सम्मानित करते।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत विकास परिषद, कल्की शाखा का हरियाली तीजोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीजोत्सव में विभिन्न प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया।

बहजोई रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित तीजोत्सव का शुभारम्भ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर मार्ल्यापण व दीप प्रज्वलन कर किया, जबकि सामूहिक वंदे मातरम केगायन हुआ। कार्यक्रम में महिला संयोजिका कविता रस्तोगी एवं अनुप्रिया अग्रवाल ने सभी अतिथियों का तिलक कर एवं पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति में नन्हीं कलाकार आराध्या, ओजस्वी, और काव्य द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी। इसके बाद भक्ति रस्तोगी एवं अनुप्रिया अग्रवाल द्वारा 'मॉडर्न बहू बनाम पुराने जमाने की बहू' पर हास्यप्रद प्रस्तुति देकर दर्शकों को जमकर गुदगुदाया। प्रीति देवल, पारुल रस्तोगी, डा.. इंदु त्यागी, सपना जैन, कविता रस्तोगी, प्राची गुप्ता, शीतल गुप्ता, एवं कृष्णा शास्त्री द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। सरप्राइज प्रश्नोत्तरी में प्रीति देवल, डा. इंदु त्यागी, बिंदु रस्तोगी, पारुल रस्तोगी, डा. सुनील त्यागी, एवं विपुल अग्रवाल विजयी रहे। जबकि सपना जैन एवं काव्या द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रेरणात्मक नाटक प्रस्तुत किया। संगीता रस्तोगी ने हरियाली तीज पर लोकगीत की प्रस्तुति दी। प्राची गुप्ता, मुदिता गुप्ता, मंजू रस्तोगी, एवं सपना जैन द्वारा हास्य नाटिका बिट्टू मेरा है। इसके अलावा तीज क्वीन चुनी गई महिमा अग्रवाल को पटिका एवं मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं0-2, बरेली।**

वाद सं0 -164/2025

शोभित कुमार सक्सेना उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री सुशील कुमार सक्सेना निवासी 32-F प्रगतिनगर, श्री0 आर0 एम0 इण्टर कालेज के पीछे, थाना प्रेमनगर, पर0 तह0 व जिला बरेली। ...वादी

**बनाम**

1. श्रीमती सुरभि भटनागर उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी शोभित कुमार सक्सेना पुत्री श्री सुधीर कुमार भटनागर, निवासिनी हाल मोहल्ला हल्लू सराय, थाना कोतवाली, पर0 तह0 व जिला संभल (यू0पी0)

..... **प्रतिवादी**

धारा- 13(1A) H.M.A.
थाना-प्रेमनगर, बरेली।

चूंकि शोभित कुमार सक्सेना ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13(1A) H.M.A. प्रस्तुत किया है। अतः आपको एतदद्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 11/08/2025 को वास्ते लिखित कथन/एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हों। यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकार का फोटो अवश्यक चिपकाया जाये। विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन प्रस्तुत के समय अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित न होवे। नियत दिनांक 11/08/2025 पर आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमानुसार की जावेगी।

दिनांक 10/07/2025

आदेशानुसार
मुन्सरिम
न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं0-2 बरेली।

# घर में घुसकर लाठी डंडो से किया लहूलुहान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** मोटर साइकिल गिराने का आरोप लगाकर घर में घुसे लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनामजद दो तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम ओबरी निवासी अमजद खान पुत्र जमशेद अपने घर पर बैठा हुआ था। करीब दो बजे दोपहर गांव का सगीर, फईम, नईम पुत्रगण जरीफ अहमद व मोसिम पुत्र इरशाद, इकराम पुत्र सुका व दो तीन अज्ञात घर में घुस आए।

आरोपियों ने भतीजे अदनान पर मोटर साइकिल गिराने का आरोप लगाया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौंचख की। विरोध करने पर उसको लाठी डंडो से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विकास कार्य न होने से नाराज ग्रामीण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गांव में विकास कार्य न होने से नाराज सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्य न कराने का आरोप लगाकर विरोध प्रर्दशन किया।

पंवासा विकास खंड के गांव सीतापुरी में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्य न कराने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि प्रधान गांव में विकास कार्य नहीं करा रहा। गांव में गंदगी पसरी हुई है। रास्तों पर निकलना मुश्किल हो रहा है।जबकि नालियों की सफाई नहीं कराई गई है। जिससे घरों से निकलने वाला पानी रास्ते में जमा हो जा जाता हैं। आये दिन बाइक सवार और स्कूल जाते समय बच्चे गिरकर चोटिल हो जाते हैं। कई बार ब्लॉक के अधिकारियों और ग्राम प्रधान से सफाई के लिए कहा गया है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के रास्तों को भी सही नहीं कराया गया। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। गंदगी की वजह से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। हालात यह है कि बारिश के दिनों में यहां स्थित मंदिर व शमशान घाट जाने वाला मार्ग में भी पानी भर जाता है। ग्रामीणों को आवास जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं मिल सकी है।

# संचारी रोग से बचाव को दिलाई शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के बाबूराम सिंह इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी, जबकि संचारी रोग से बचाव को शपथ भी दिलाई गई।

शनिवार को कॉलेज में प्रार्थना सभा के पश्चात शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों से रोकथाम, बचाव एवं नियनत्रण सम्बन्धी जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह ने कहा कि संचारी रोगों से बचने को अपने खानपान का ध्यान रखें। अपने शरीर को साफ स्वच्छ रखे। स्वास्थ्य विभाग कुपोषण युक्त बच्चों के लम्बाई एवं वजन माप उपकरण से कर रहे हैं। अपनी जांच कराएं। सभी को संचारी रोग से बचाव की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह, राधे श्याम शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा, दीपक कुमार, मोहित सक्सेना, अन्नपूर्णा भट्ट, मीनाक्षी, सुमन यादव आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू हॉस्पिटल में जटिल सर्जरी से निकाला 11 किलो का ट्यूमर

## जनरल सर्जरी यूनिट ने लगभग 5 घंटे तक चले जटिल ऑपरेशन में पेट से निकाला 36 सेमी लंबा, 30 सेमी चौड़ा और 15 सेमी मोटा ट्यूमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टीएमयू हॉस्पिटल ने एक असाधारण सफलता हासिल की है। अस्पताल के डॉक्टरों ने 19 वर्षीय युवती के पेट से 11 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल कर न सिर्फ उसकी जान बचाई, बल्कि किडनी को भी सुरक्षित रखा। यह केस दुर्लभतम मामलों में है। अमरोहा निवासी 19 वर्षीया युवती चार वर्षों से पेट दर्द की शिकायत से जूझ रही थी। तीन महीनों में उसकी समस्या तेजी से बढ़ गई थी। पेट में असामान्य सूजन, भूख कम लगना और अत्यधिक दर्द ने युवती को काफी कमजोर कर दिया था। इस केस का नेतृत्व जनरल सर्जरी के हेड मेजर जनरल डॉ. सी. के. जखमोला ने किया। जांच के दौरान सामने आया कि युवती के पेट में जो सूजन है, वह एक विशाल ट्यूमर है, जो सीधे बाएं गुर्दे से निकल रहा है। इसका आकार 36 सेमी लंबा, 30 सेमी चौड़ा और 15 सेमी मोटा था, जो पूरे पेट में फैल चुका था। ट्यूमर ने दोनों फ्लैंक्स- पेट के दोनों ओर, मेजर रक्त ग्रंथियों और आईवीसी- शरीर की मुख्य नस पर गंभीर दबाव डाल रखा था।

इससे शरीर के अन्य अंगों के कार्य में भी बाधा आ रही थी। टीएमयू अस्पताल की जनरल सर्जरी यूनिट ने लगभग 5 घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन को बड़ी ही सावधानी और कुशलता से अंजाम दिया। सर्जरी के दौरान प्रत्येक नस और रक्त वाहिनी को संभालते हुए ट्यूमर को अलग किया गया। इस प्रकार के अधिकतर




मामलों में गुर्दे को निकालना पड़ता है, लेकिन डॉक्टरों की टीम ने अत्यंत सावधानी से ट्यूमर को निकाला और बाएं गुर्दे को पूरी तरह सुरक्षित रखा। यह सर्जरी मेडिकल इतिहास में गिने-चुने मामलों में से एक है। अमरोहा निवासी मरीज के पिता शकील अहमद ने बताया, हमने बेटी का इलाज दिल्ली और मेरठ तक कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। जब हमें टीएमयू अस्पताल के बारे में जानकारी मिली तो यहां आए। डॉक्टरों ने बहुत मेहनत से ऑपरेशन किया और अब हमारी बेटी बिल्कुल स्वस्थ है। हम डॉक्टरों और पूरी टीम के दिल से आभारी हैं। टीएमयू अस्पताल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि अनुभवी डॉक्टरों, आधुनिक तकनीक और समर्पित टीम के दम पर हर असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है। यह केस मेडिकल साइंस के लिए एक प्रेरणास्रोत रहेगा। जनरल सर्जरी के हेड डॉ. सी. के. जखमोला बताते हैं, एमआरआई व अन्य जांचों में यह स्पष्ट हुआ कि ट्यूमर बाएं गुर्दे से उत्पन्न हो रहा था और खून की बड़ी नलियों को भी दबा रहा था। यह अत्यंत जटिल केस था, लेकिन हमने ट्यूमर को पूरी तरह हटाया और गुर्दा भी सुरक्षित रखा। पूरी दुनिया में ऐसे सिर्फ चार केस रिपोर्ट हुए हैं, जिनमें इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया हो, पर सभी में किडनी हटानी पड़ी। हमने यह सफलता बिना किडनी निकाले हासिल की। युवती अब पूरी तरह से स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। डॉक्टरों के मुताबिक वह सामान्य जीवन जी सकती है। इस सर्जरी में जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. आरके कौल, डॉ. अंकुर सिंह, डॉ. देव सैनी ने भी मुख्य भूमिका निभाई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. मनप्रीत कौर, डॉ. अस्था लालवानी, डॉ. शिवानी चंदक, यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के अवनीश कुमार सिंह सीनियर एवं जूनियर रेजीडेंट आदि भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी में टिमिट की छात्रा का इंटर्नशिप के लिए चयन

**मुरादाबाद।** देश की सबसे बडी ऑयल रिफाइनरी कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत ऑफ कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव में इंटरव्यूज की चयन प्रक्रिया के पश्चात् टिमिट की बीबीएकी रिया कुमारी को इंटर्न की पोस्ट पर बरौनी में ज्वाइनिंग प्रदान की है। टिमिट मैनेजमेंट के छात्रा के लिए ऑयल रिफाइनरी क्षेत्र कीकंपनी में कार्यप्रणाली को व्यवहारिक रूप से सीखने का सर्वोत्तम अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर टिमिट के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की दिग्गज कंपनियों में कार्यप्रणली सीखते हुए अपने सपनों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक एमबीए, बीबीए व बी.कॉम कोर्स का उद्देश्य होता है। टिमिट अपने सभी विद्यार्थियों को टीएमयू की परंपरा के अनुरूप रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है विद्यार्थियों को उभरते हुए बाजार में हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रा को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'हरियाली तीज महोत्सव' का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में तीज पर्व के अवसर पर ''हरियाली तीज महोत्सव'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें शिक्षिकाओं ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने तीज उत्सव की सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीज का पर्व पारंपरिक नारी सशक्तिकरण, समर्पण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। मानसून के आगमन में इस पर्व पर पवित्र मन से भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक विविधता, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना जीवंत रूप में दिखाई देती है। स्कूल की डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि यह महोत्सव शिक्षिकाओं के लिए बेहद आनंदमयी रहा तथा सभी शिक्षिकाओं ने आयोजन में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. मेघा भाटिया, कार्यक्रम आयोजिका डॉ. आरती गर्ग, डॉ. स्वाति राय, डॉ. शेफाली अग्रवाल समेत कई अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### शिक्षिकाओं और बच्चों ने मनाया तीजोत्सव

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा मे स्थित ए के इंटर कॉलेज में तीज महोत्सव मनाया गया यह हरियाली तीज महोत्सव सावन माह की शुक्ल पक्ष को मनाया जाता है साथ ही मेहंदी कंपटीशन भी कराया गया इस कंपटीशन में सभी क्लास के विद्यार्थियों ने भाग किया प्रथम स्थान पर शीतल 11जी, निदा 7जी, सारिका 9जी, द्वितीय स्थान सलोनी 10जी, दीक्षा 9जी, हानिका 8जी, तृतीय स्थान इलमा 12जी, तनु 10जी निदा 8जी सभी विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक राजबाला सिंह ने बताया तीज का त्योहार हर वर्ष सावन माह के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। इस त्योहार का सावन में अपना पारंपरिक महत्व है। ओर कहा कि उत्सवों से बच्चों में ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। बच्चे भारतीय संस्कृति से परिचित होते है।

### विश्व मानव रूहानी केंद्र नवीननगर की तरफ से शिव भक्तों के लिए लगाया गया कैंप

**मूंढापांडे।** सावन के तीसरे हफ्ते में दयानन्द सरस्वती ला कालेज भदासना नेशनल हाईवे पर विश्व मानव रूहानी केंद्र नवीननगर की शाखा चकलालपुर द्वारा कैंप लगाया गया,सेवादार संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह द्वारा कैंप का फीता काटकर उद्घाटन किया गया,शिव भक्तों के लिए लगाए गए कांवड़ कैंप में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दे रहे हैं, शिव भक्तों के लिए विश्राम स्थल, मेडिकल व्यवस्था, शुद्ध व ताजा भोजन, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है,यह कैंप सोमवार तक रहेगा, विश्व मानव रूहानी सेवा केन्द्र गरीब को कपड़े ,कम्बल वितरण करता है, विकलांगों को ट्राईसाइकिल कृतिम अंग भी दिए जाते हैं, इस दौरान बलजीत सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, रामबीर सिंह, प्रमोद सिंह, रवि जितेंद्र सिंह, राजीव तौमर आदि मौजूद रहे।

### बरेली से हरिद्वार जल लेने जा रहे शिव भक्तों की पिकअप हुई खराब



**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र केदिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे नियामतपुर ईकरोटिया टोल प्लाजा के पास बरेली से हरिद्वार जल लेने जा रहे शिव भक्तों की पिकअप खराब हो गई है, जिसकी सूचना पाकर पुलिस और टोल प्लाजा के कर्मियों को दी गई। शिव भक्तों ने पुलिस और टोल प्लाजा कर्मियों का धन्यवाद किया।

# चेयरमैन पद की दावेदारी ठोकेंगे इल्यास खान

■ चुनाव लड़ने की कर रहे हैं पूरी तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के समाज सेवी इल्यास खान मजबूती के साथ चुनाव मैदान में हैं। वह इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। समाजवादी पार्टी के लिए भी वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। पूर्व विधायक हाजी रिजवान से भी उनकी नजदीकियां किसी से छिपी हुई नहीं हैं। वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। पीडीए की बैठकों में निरन्तर जाकर सपा को मजबूत करने में लगे हुए हैं। पीडीए का संदेश जन जन तक पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है, यदि नगर के लोगों ने उन्हें मौका दिया पूरी जिम्मेदारी के साथ नगर के लोगों की सेवा करेंगे पिछले कार्यकाल में जिन लोगों के साथ भेदभाव हुआ है, उनका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाएगा।

# डॉ. पल्लवी कौशिक बनी तीज क्वीन

## भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा का हरियाली तीज उत्सव संपन्न

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा का हरियाली तीज उत्सव दिल्ली रोड स्थित एक होटल में बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री विवेकानंद जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शाखा की महिला संयोजिका श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा दो अन्य महिला सदस्यों श्रीमती दिव्या बंसल . एवं श्रीमती सीमा अग्रवाल जी के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया.समारोह में अनेक प्रकार की मनोरंजक प्रतियोगितायें की गयीं.इनमें मुख्य रूप से कपल गेम .कपल श्रंगार गेम.कपल्स डांस. परिधान मिलान हाउजी एवं अनेक सरप्राइजएवं मनो. रंजक गेम खेले गये..महिलाओं एवं बच्चों द्वारा सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंत में तीज क्वीन का चुनाव किया गया इसमें डाक्टर पल्लवी कौशिक ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़कर तीज क्वीन का ताज जीत लिया ।सभी महिला सदस्यगणों द्वारा उन्हें तीज



क्वीन का मुकुट पहनाया गया..कार्यक्रम में प्रांतीय महिला संयोजिका महिला सहभागिता श्रीमती सुनीता अग्रवाल जी के अतिरिक्त शाखा के संरक्षक पी के अग्रवाल अध्यक्ष.डाक्टर आर के शर्मा..सचिव एस के दीक्षित उपाध्यक्ष अनुष बंसल.डाक्टर अंशुमान गौड अवधेश गुप्ताजी.डाक्टर रोमिल शिंघल बिवेक अग्रवाल आशु शर्मा के अतिरिक्त महिला सदस्यों डाक्टर श्रीमती नूतन आर्य कविता दीक्षित सोनल अग्रवाल शोभा मित्तल आदि द्वारा बढ चढ़कर हिस्सेदारी की गया

# सपा सांसद हरेन्द्र मलिक का उमरी चौराहे पर स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली ने अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक का फूल माला पहनाकर उमरी चौराहे पर स्वागत किया। वह मुरादाबाद के पंचायत भवन सभागार में संविधान दिवस मान स्तम्भ दिवस के आयोजन में शामिल होने जा रहे थे। इस मौके डॉ विकास चौधरी माजिद अली जुगल किशोर अमित प्रजापति शमीम अहमद सूफियान अंकित सोमवीर सिंह अब्दुल अहद सबहात एहसान करीम शब्बन अंकित जावेद अहमद तंजीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# फोन की घंटी बजने पर भागे चोर घंटों रहा अफरा-तफरी का माहौल

**कांठ।** चोरों की आहट ने मोहल्ला चौक बाजार में जगराता करा दिया फोन की घंटी बजने पर चोर तो भाग गए लेकिन मोहल्ले में घंटो तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा पुलिस ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी की। घटना रात करीब 2:30 बजे की है मोहल्ला चौक बाजार निवासी मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद रफी का घर कब्रिस्तान के बराबर में है रात को कब्रिस्तान की बाउंड्री पर चढ़कर चोर मुस्तकीम के घर में कूद गया घर वालों को कोई आहट नहीं हुई चोर घर में कूद कर मुख्य दरवाजा खोलना चाहता था। तभी मुस्तकीम के फोन की घंटी बज गई घंटी की आवाज सुनकर चोर दरवाजा खोलते खोलते रुक गया मुस्तकीम ने फोन उठाया तो सामने खड़े चोर को देखकर वह चौंक गया। घर में जाग हुई तो चोर जिस रास्ते से आया था उसी रास्ते से कूद कर भाग गया। शोर मचा तो आसपास के मोहल्ले वाले इकट्ठे हो गए और कब्रिस्तान में चोर को काफी तलाश किया सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी की कुल मिलाकर फोन की घंटी ने चोरी की घटना को अंजाम देने से तो रोक दिया लेकिन इस प्रकरण से क्षेत्र में चल रही चोरों की आहट को जरूर बल मिल गया है।



# टीचर्स सेल्फ केयर के पदाधिकारी को लखनऊ में किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम का पांचवा स्थापना दिवस समारोह बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने की तथा मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री रहे।कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष विवेकानंद ने संस्था की विकास यात्रा के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मुरादाबाद जिले में टीचर्स सेल्फ केयर टीम के अग्रणी ब्लॉक कुन्दरकी के संयोजक अनिल राज, मूंढापाण्डे के संयोजक जितेन्द्र कुमार जौली, बिलारी के प्रवक्ता मनोज यादव तथा भगतपुर के संयोजक धर्मपाल सिंह, जिला संयोजक सुधीश पाराशरी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ विशेष योगदान देने वाले जिला प्रवक्ता मयंक शर्मा, जिला आई टी प्रभारी अंकित विश्नोई, जिला सहसंयोजक अंकित कुमार, प्रदीप कुमार, हिन्दवीर व शबाना सहित ब्लॉक डिलारी के नितिन शर्मा, कुन्दरकी के अमित तोमर, सुमन व शान्तनु शर्मा, बिलारी के कुंवरपाल सिंह व राम सिंह, भगतपुर के मौ. आरिफ, सुनील राणा व शाजिया अहघ्सन, मुरादाबाद ब्लॉक के संजय गुप्ता व टेकचंद शर्मा, छजलेट के रितेश दिवाकर व सचिन कुमार शर्मा और ठाकुरद्वारा के आशीष शर्मा को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में जिला संगोष्ठी का आयोजन

## 26 जुलाई को कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की हुई थी जीत: राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लाक सभागार में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने बताया कि इस दिन कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत हुई थी इसीलिए आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है इस युद्ध में लगभग 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे और 1300 से अधिक घायल हुए थे यह गौरव दिवस केवल तिथि नहीं बल्कि भारत गौरव, साहस, शौर्य और बलिदान की अमित गाथा का प्रतीक है कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति, जिला




महामंत्री राजन बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा आनंदी प्रजापति, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अरुण पंडित, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, मंडल अध्यक्ष कुंदरकी संजय कश्यप, मंडल अध्यक्ष रतनपुर बबलू जाटव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश लोधी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लवली चौधरी, जिला मंत्री युवा मोर्चा अमन ठाकुर, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर, देव सिंह सैनी, पंकज शर्मा, हाजी मजलूम पाशा, नक्शे अली, दानवती पाल, जयपाल चौधरी, ओमपाल सिंह, विनोद कश्यप,मंसूर आलम, महेंद्र सिंह पाल, जीशान खान, कृष्ण अवतार, डॉक्टर शाकिर अली समून मलिक आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान को भूल जाती है: हरेन्द्र मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी ने आरक्षण दिवस''संविधान-मानस्तंभ' के 'स्थापना दिवस' के रूप में कम्पनी बाग स्थित पंचायत भवन सभागार मे जोश खरोश के साथ कार्यक्रम करके मनाया। आज सुबह होते ही पुरे जिले भर से सांसद,विधायक अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ता के साथ पंचायत भवन की और उमड़ने लगे देखते सभागार सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं भर गया दो अलग से कुर्सी मँगाई वह कम पड़ गई सपा कार्यकर्त्ताओं के सैलाब का ये आलम था सभागार बहार भी कर्यकर्ता सैकड़ो की संख्या मे एकत्र थेऔर जोशीले अंदाज मे नारेबाजी कर रहे थे। मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक के आने के बाद सभागार मे इतनी भीड़ एकत्र हो गई की सभागार के एयर कंडीसन ने भी कुलिंग करनी बंद कर दी। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग सत्ता में आने तक तो संविधान मानते हैं, लेकिन आने के बाद उसे भूल जाते हैं। उन्होंने कहा, "भाजपा के लोग सत्ता में आने तक संविधान को मानते हैं। उसकी चर्चा करते हैं, उसकी दुहाई देते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनके काम करने के तौर-तरीकों में बदलाव आ जाता है। बीजेपी के लोग संविधान की शपथ लेते हैं लेकिन उनमें निष्ठा का पूर्ण अभाव दिखाई देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव,



सांसद रूचि वीरा विधायक नवाब जान खान विधायक मो फहीम इरफान,विधायक नासिर कुरैशी, विधायक हाजी रिजवान,शाने अली शानू, लोकतंत्र सेनानी बाबर खान, कसीमउल हक, जुगल किशोर बाल्मीकि, फिरासत हुसैन गामा, लाखन सिंह सैनी नाजिम हुसैन, धर्मेंद्र यादव,आदित्य चौधरी, असलम चौधरी, आशुतोष यादव, नौशाद पाशा,राजेश कुमारी यादव शीरी गुल, अफरोज वारसी, पिंटू विश्नोई, राबूल पाशा, अरशद खान नाजिम सैफी हरपाल सिंह यादव, कपिल मीना,विजय वीर यादव,अमित प्रजापति, विकास चौधरी, फुरकान अली, सुनीता सिंह अमानउल्ला खान मोईनुद्दीन फुरकान अली वेद प्रकाश सैनी, प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, प्रेम बाबू बाल्मीकि,जयपाल सैनी रईसउद्दीन नईमी, इस्तियाक सैफी, नवीन यादव राकेश दानव, राज. कुमार प्रजापति,हाजी मन्नू कुरैशी,मनीष जाटव,सुरेंद्र शर्मा नरेश शर्मा महेंद्र पाल सिंह अताउर रहमान,साजिद चौधरी, प्रशांत सैनी राजेश्वरी यादव शशि गुप्ता,लुकमान खान दनीश मिर्जा, बदुद खान,वसीम कुरैशी, अनिसुद्दीन कातिब,फरीद मलिक, फाजील मलिक, जिगरी मलिक, दिव्यांशु सागर,कमरे आलम भूरे कुरैशी, शारिक, शाकिर सलमानी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र रेहान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया हैं। भविष्य में रेहान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुशके आलम उर्फ बब्लू पुत्र अख्तर निवासी फतेहपुर खास अहलादपुर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र गौरव कुमार को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में गौरव कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **कैलाश चंद्र पुत्र स्वर्गीय रामचरण निवासी सराय फारुख अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र फरमान अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **सरफराज अली पुत्र स्वर्गीय श्री इसरार अली निवासी मुगलपुरा द्वितीय हाजी शहजादे का चौक निकट मुगलों वाली मस्जिद थाना मुगलपुरा शहर व जिला मुरादाबाद।**

# छात्रा ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव धर्मपुर कुइया की एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को सुबह तब सामने आई जब परिजनों ने बेटी को कई बार आवाज देने के बावजूद दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांका। नजारा देख परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कु. दुर्गेश (17 वर्ष) पुत्री वीरपाल, सुभद्रा चेतना इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। गुरुवार रात वह रोज की तरह अपने कमरे में सोने गई थी। शुक्रवार सुबह काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आई तो परिजनों को शंका हुई। खिड़की से देखने पर दुर्गेश दुपट्टे से पंखे में फांसी पर लटकी हुई मिली। परिजनों ने तुरंत खिड़की की जाली तोड़कर उसे बाहर निकाला। सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। परिजन बेटी की आत्महत्या से सदमे में हैं।

## नेकर बनियान में आया युवक महिला से लॉकेट लूटकर हुआ फरार

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद में हाल ही में पुलिस द्वारा शाहजहांपुर के एक गैंग को गिरफ्तार कर खुलासा किया था। जिस गैंग को पुलिस ने पकड़ा था उस गैंग के सदस्य नेकर और बनियान पहनकर चोरी और लूट की घटना को अंजाम देते थे। मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी क्षेत्र के गांव हरियाना में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां गांव की रहने वाली एक महिला कामनी पत्नी गुड्डू घर से बाहर कूड़ा डालने के लिए जा रहे थे तभी अचानक नेकर और बनियान पहनकर एक युवक आया और उसने महिला का लॉकेट लूट लिया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसने चाकू निकाल कर उसके ऊपर दो बार हमला किया और वह मौके से फरार हो गया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दिया कार्रवाई की मांग की है पुलिस इस पूरे मामले पर जांच कर रही है।

## शिवभक्तों पर बयानबाजी के विरोध में करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** करणी सेना द्वारा शनिवार को इंस्पेक्टर चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा गया जिसके माध्यम से पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व सपा विधायक इकबाल महमूद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। करणी सेना का कहना था कि स्वामी प्रसाद मौर्य और इकबाल महमूद ने शिवभक्त कांवडिघ्यों को गुंडा माफिया कहकर सनातन धर्म का अपमान किया है। जिलाध्यक्ष शिवम चौहान ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य और इकबाल महमूद के बयानों से हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अमनपाल सिंह, छात्र शक्ति जिलाध्यक्ष रजत ठाकुर, यश, कामेश ठाकुर, सचिन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का फीता काटकर किया उद्घाटन



**मुरादाबाद।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज ब्लॉक भगतपुर टांडा के ग्राम पंचायत सरदार नगर में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और ग्राम ने बन रहे अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास किया। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि गांवों में सरकारी सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। ग्राम सचिवालय के बनने से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र समेत अन्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिलेंगी। कुंदरकी विधानसभा के पंचायत विहीन ग्राम सभाओं में भी इसी तरह के ग्राम सचिवालय बनाए जाएंगे। भविष्य में कुंदरकी विधानसभा का कोई भी गांव अंत्येष्टि स्थल विहीन नहीं होगा।इस अवसर पर ग्राम प्रधान सतीश कुमार सैनी, एडीओ पंचायत मनोज कुमार,धर्मपाल सिंह सैनी, अमर सिंह सैनी, लाल सिंह सैनी, राजेश सैनी, ग्राम प्रधान जिले हसन, हाजी सफदर बखिरा, ग्राम प्रधान जाहिद आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी यशवीर महाराज के महानगर आगमन पर जोरदार स्वागत



**मुरादाबाद।** शनिवार को स्वामी यशवीर महाराज का आगमन मुरादाबाद में हुआ जिसमें उन्होंने मुरादाबाद के विभिन्न ढाबों और होटल पर भगवान वराह का चित्रण वितरण करके लगाने का कार्यक्रम किया। सावन के पवित्र महीने में कावड़ यात्रा के दौरान आज मुरादाबाद पहुंचे स्वामी यशवीर महाराज ने दिल्ली मुरादाबाद रोड पर होटल और ढाबों पर भगवान वराह का चित्र वितरण करके चित्र लगाने का अभियान चलाया जहां-जहां भगवान वराह का चित्र होगा वहां कांवड़ियों को शुद्ध भोजन मिलेगा तथा थूक और मूत्र जिहाद नहीं होगा। कांवड़ियों को आतंकवादी कहने वालों को चिन्हित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोग आतंकवाद का समर्थन करते हैं व्हिप केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने स्वामी जी की इस मुहिम का समर्थन करते हुए मुरादाबाद आगमन पर उनका जोरदार स्वागत के साथ भगवान वराह के चित्र के कार्यक्रम को जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन व्हिप धर्म प्रसार के प्रांत प्रमुख सुनील सिद्धू ने किया तथा भविष्य में सनातन धर्म की सुरक्षा के लिए इस प्रकार के सभी कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का आश्वा. सन दिया। इस अवसर पर विजय सिंह योगेश त्यागी नवदीप अग्रवाल गौरव कश्यप नवदीप कुमार सुनील कुमार आदित्य भटनागर गौरव भटनागर डॉ महेंद्र राम राजपूत मोनू बिश्नोई आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जाट नेता सांसद हरेंद्र मलिक का युवाओं ने फूल मालाओं से किया जोरदार स्वागत



**छजलैट।** दमदार तेज तर्रार पश्चिम उत्तर प्रदेश के बड़े जाट नेता सांसद हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर का मुरादाबाद आगमन पर अखिल भारतीय जाट महासभा व उत्तर प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा ग्राम संदलीपुर में सैकड़ों युवाओं के साथ फूलमालाओ से स्वागत कार्यक्रम किया जिसमें शहीद ए आजम भगत सिंह जी व बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी की प्रतिमा भेंट की जिसमें पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष शुभम राठी मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी युवा मंडल अध्यक्ष मेरठ सागर मलिक युवा जिलाध्यक्ष छवि चौधरी युवा जिलाध्यक्ष भाकियू ऋषब चौधरी पियूष चौधरी उत्तम चौधरी अर्जुन चौधरी राहुल चौधरी तुषार राना दीपक चौधरी अतुल चौधरी सचिन चौधरी विमल लाठर संदीप चौधरी, धर्म चौधरी आदि मौजूद रहे।

# चन्दौसी में ओयो होटलों व गेस्ट हाउसों की आड़ में अनैतिक गतिविधियां, पुलिस ने मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर एवं आसपास क्षेत्र में ओयो और गेस्ट हाउस के नाम पर चल रहे खेल ने सामाजिक माहौल को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सड़कों के किनारे या सुनसान मकानों में स्थापित कई छोटे गेस्ट हाउसों पर ओयो का बोर्ड लगाकर उन्हें घंटे के हिसाब से कमरे किराए पर दिए जा रहे हैं जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी और चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन ओयो होटलों में नाबालिग लड़कियों और प्रेमी जोड़ों को पहचान की बिना परवाह किए आसानी से कमरा दे दिया जाता है, और उनसे 800-100 रुपये प्रति घंटे तक की वसूली की जाती है। यह न केवल नैतिकता और कानून के विरुद्ध है, बल्कि स्थानीय परिवेश और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर प्रशासन से अवैध रूप से चल रहे होटलों की शिकायतें की गई हैं। पिछले वर्ष उपजिलाधिकारी द्वारा मुरादाबाद- चन्दौसी मार्ग पर एक होटल पर छापा मारकर कार्रवाई की गई थी। शनिवार सुबह करीब 09 बजे थाना बनियाठेर पुलिस ने गुमथल रोड पर स्थित होटल एवं होम्स के नाम संचा. लित एक होटल पर शिकायत के आधार पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने होटल के एक कमरे से प्रेमी जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा।

अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से होटल संचालकों और स्थानीय क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया तीजोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा के तत्वावधान में शनिवार को स्टेशन रोड स्थित एबीसी मॉन्टेसरी स्कूल में तीज महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा संरक्षिका संगीता भार्गव, नगराध्यक्ष उर्मिला शर्मा एवं नगर सचिव रानी शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। महिलाओं ने सावन के गीतों, मल्हार व मनोरंजक गेम्स में भाग लिया। विजेता सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत घेवर, समोसे आदि का जलपान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने की एवं संचालन रंजना शर्मा ने किया।

इस अवसर पर शिप्रा शर्मा, कमला शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, रीमा शर्मा, शालिनी शर्मा, स्वाति शर्मा, शुभ्रा शर्मा, माधुरी शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सीमा शर्मा, साधना पाठक, इंद्रेश शर्मा, सुधा शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

## यूथ कांग्रेस में नई नियुक्तियां, इस्लाम सलमानी बने जिला उपाध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी महासचिव

**ठाकुरद्वारा।** यूथ कांग्रेस कमेटी ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नई नियुक्तियाँ की हैं। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार इस्लाम को यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष और अब्दुल्ला अंसारी को महासचिव सलमान अल्वी को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया। समर्थकों ने फूल मालाओं से नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर खुशी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह न सिर्फ सम्मान है बल्कि एक बड़ा दायित्व भी है। युवाओं को जोड़ना और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना मेरी प्राथमिकता होगी।वहीं महासचिव बनाए गए अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे और युवाओं की भागीदारी को बढ़ाएंगे। उधर सलमान अल्वी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही हैं।

# सपा कार्यालय पर मनाया गया संविधान मान स्तम्भ दिवस

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार शनिवार को 'आरक्षण दिवस' को 'संविधान मान स्तम्भ दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एवं बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान चन्दौसी स्थित समाजवादी कैंप कार्यालय स्थित सुभाष कुमार वाल्मीकि के निवास पर पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक अताउर्रहमान ने समाजवादी लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इस दौरान सुभाष कुमार वाल्मीकि द्वारा उन्हें संविधान की प्रति भेंट की गई। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने मिलकर संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लिया। विधायक अताउर्रहमान ने कहा कि आरक्षण केवल सुविधा नहीं, बल्कि ऐतिहा. सिक सामाजिक असंतुलन को ठीक करने का साधन है, और इसे बचाना हम सभी की जिघ्म्मेदारी है। इस अवसर पर विधायक ने सुभाष कुमार वाल्मीकि के पुत्र दिव्यांशु को नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लड्डुन मियाँ, कृष्णमुरारी शंखधार, अशोक यादव, शोभित कुमार, अभिषेक कुमार, मुजीव कुरैशी, वीरभान यादव, संजय सिंह, विपिन कुमार, गुरुप्रसाद काले, अतिकाय सिंह, श्याम बाबू मास्टर साहब, चन्द्रकेश यादव, गरीब यादव, ध्रुव सिंह, पंकज कुमार, विकास कुमार, कुँवर पाल, शिशुपाल, दौजी राम, राम बहादुर, सुभाष चंद्र, बाबू सिंह, सुमित कुमार, हरिओम सिंह राणा आदि मौजूद रहे।



# कारगिल विजय दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल मार्च निकाल. कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

यह मार्च नगर में विभिन्न मार्गों से होता हुआ ब्लॉक में शहीद स्मारक पहुँचा, जहाँ कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर वीर शहीदों को नमन किया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल मार्च निकालकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मार्च का शुभारंभ नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शमीम चौधरी के बाजार गंज स्थित निवास/कार्यालय से शुरू हुआ और समापन ब्लॉक परिसर स्थित शहीद स्मारक पर किया गया। कार्यकर्ताओं ने "वीर शहीद अमर रहें" के नारों के साथ नगर की मुख्य सड़कों से शांति मार्च निकाला। मार्च नगर में विभिन्न मार्गों से होता हुआ ब्लॉक में शहीद स्मारक पहुँचा, जहाँ कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर वीर शहीदों को नमन किया। वही शमीम चौधरी ने कहा कि "कारगिल के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की थी।

आज का दिन हमें उनके बलिदान को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देता है। कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर "वीर शहीद अमर रहें" और "जय हिंद" के नारों के साथ शांतिपूर्वक नगर भ्रमण किया। शहीद स्मारक पर पहुँचकर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि शहीद परिवारों को सम्मान और सुविधाएँ देना सिर्फ औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय कर्तव्य होना चाहिए। इस मौके पर मुशाहिद चौधरी,हाजी मुस्तकीम, मोहम्मददीन, सिद्दीकी,जिलाउपाध्यक्ष इस्लाम सलमानी,जिला महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी , इंतजार कुरैशी, मोइन कुरैशी,मोहम्मद,आरिफ ,शरीफ आजाद, सलमा आगा, रईस खा, राज. कुमार पंडा, एडवोकेट मोशिन अख्तर, जाखिर अंसारी,विधानसभा अध्यक्ष नोशाद अंसारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लारेब मन्सरी ,आरिफ वसीम सैफी विधानसभा उपाध्यक्ष जुबेर आलम जिला महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी सोहेल अंसारी सेवा दल ब्लॉग अध्यक्ष अनुज वाल्मीकि सुधीर अग्रवाल नाजिम गाँधी मास्टर रईस नईम मंसूरी दबीर अंसारी, बाजिद अंसारी इमरान, अनवर हुसैन शमशाद हुसैन हाजी भूरा, आदि मौजूद रहे।



## बाइक सवार युवक से मारपीट

**ठाकुरद्वारा।** नगर में जसपुर मोड़ के पास अज्ञात नकाबपोश युवकों ने बाइक सवार युवक को घेरकर बुरी तरह पीट दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। घटना के बाद नगरवासियों में दहशत और नाराजगी का माहौल है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागुवाला निवासी समरपाल शुक्रवार देर रात खाना खाकर बाइक से धर्म काटे स्थित अपने काम पर लौट रहा था। हमले के दौरान समरपाल किसी तरह जान बचाकर भाग निकला और धर्म काटे पहुँचकर साथियों को पूरी घटना की जानकारी दी।

# ग्राम समाज भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**ठाकुरद्वारा।** नगर में ग्राम समाज की करोड़ों रुपये की भूमि पर बने अवैध निर्माणों पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका सीमा स्थित कदीर तिराहे पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई, जिसमें कई दुकानों को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। ग्राम समाज की इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से दुकानें बनवा ली गई थीं। पूर्व में इन्हें नोटिस देकर निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था, परंतु चेतावनी के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। शनिवार दोपहर एसडीएम प्रीति सिंह, नायब तहसीलदार आदित्य कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल, उप निरीक्षक, नगर पालिका टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की।कार्यवाही के दौरान नगर निवासी हाजी मुख्तियार सैफी और समीर सैफी ने विरोध करते हुए दुकानों को अपनी निजी भूमि पर बताया और वर्ष 2005 का एक स्थान आदेश दिखाने की को. शिश भी की, पर अधिकारियों ने इसे मानने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि यह सरकारी संपत्ति है और किसी प्रकार की वैध स्वीकृति नहीं है। इसके बाद हाजी उस्मान सैफी की चार दुक. ानों को भी जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। पूरी कार्यवाही के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर संजय शुक्ला, नगर पालिका के बड़े बाबू विजयपाल सिंह, दीपक कुमार, अर्जुन सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने भूमि संबंधी दस्तावेज और स्थान आदेश की कॉपी भी अधिकारियों को दिखाने की को. शिश की, परंतु उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाएंगे।

## चोरों के डर से सहमें ग्रामीण, शुरू की पहरेदारी

**भोजपुर।** एक सप्ताह बीतने के बाद भी ग्रामीणों की दशहत कम नहीं हो रही है। पहले रात में ड्रोन उड़ने से ग्रामीण रातें जागकर गुजार रहे थे अब अंधेरा होते ही चोरों के गांव के बाहर मौजूद होने की अफवाहों से लोग परेशान हैं।घ्लगातार चोरों की आवा. जाही की अफवाहों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने अपने स्तर से सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। ग्रामीण रात को छतों पर जागकर और गांव में घूम घूमकर पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों के फोन पर पुलिस दौड़ लगा रही पर कहीं भी चोरों की मौजूदगी नही मिलती। फिरभी पुलिस ग्रामीणों के अंदर व्याप्त डर को खत्म करने के लिए रात्रि को गांवों का भ्रमण कर रही है।

## एकता अकेडमी में धूमधाम से मेहंदी प्रति. और झूला समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रामनगर खागू वाला की एकता अकैडमी के परिसर में शनिवार को रंगारंग मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने हाथों पर सुंदर मेहंदी डिजाइन बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल अकैडमी प्रबंधक सतीश चौधरी व कोषाध्यक्ष रिंकी चौधरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ डिजाइनों को चुना गया और विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पारंपरिक झूले की सजावट ने कार्यक्रम के आकर्षण को चार चाँद लगा दिया। बच्चों ने झूलों पर झूलते हुए पारंपरिक गीतों पर थिरककर खूब मस्ती की। अकैडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी ने कहा कि यह आयोजन छात्रों की सांस्कृतिक समझ और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। हमें खुशी है कि अधिक से अधिक छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मान्या चौधरी, शिक्षिका पायल देवी, एकता चौधरी के साथ-साथ स्कूल के छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक कबाड़ में लगी आग लाखों का नुक्सान

**भोजपुर।** शुक्रवार की रात को गांव गणेशपुर पीपलसाना स्टेशन रोड पर परवेज बाबुजी के ईंट भट्टे और कूड़ा घर के बीच में स्थित चांद मस्जिद भोजपुर निवासी सलीम पुत्र बसरूद्दीन के पुराने प्लास्टिक के गोदम में अज्ञात कारणों से आग लगने से तीन चार लाख रुपए कीमत का प्लास्टिक का कबाड़ जलकर राख हो गया।

कुछ ही देर में आग ने विक. राल रूप धारण कर लिया। कबाड़ जलने से आसमान में उठ रहीं आग की लपटे कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहीं थीं।

## एक नजर

### महापुरुष स्मारक समिति ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सीकरी गेट स्थित अवुल कलाम आजाद मेमो. रियल हाइस्कूल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि 1999 में कारगिल की चोटियों पर भारत की विजय सेना के साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, राइफलमैन संजय कुमार सहित अन्य वीरों को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परवीन अख्तर ने की एवं संचालन हुमा कौसर द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. जितेन्द्र वर्मा, प्रमोद कुमार, महेशचन्द्र, कृष्ण राणा, गीता रस्तोगी, महक खान, सुरेशचंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।

### कारगिल विजय दिवस पर बच्चों ने निकाली परेड, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा स्कूल के बच्चो की परेड निकाली गई। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को बताया कि 26 जुलाई 1999 को हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए सेना के तमाम जवानों, अधिकारियों के बलिदान को याद करने के लिए, सेना के लोगों को सम्मान देने के लिए कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कैप्टन विक्रम बत्रा कारगिल युद्ध में प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने घायल होने के बाद भी अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए प्वाइंट 4875 पर पुनः कब्जा किया। साथ ही मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान प्रिया, शालू, निशा, इशिता, दीक्षा, काजल, रूपाली, मीनू, मनप्रीत, शिल्पा, पारुल, वंशिका, अध्या, दीपिका, दीपा, दिया, सोनल, सरिता, दिया, रक्षा, रक्षिता, मंताशा, अर्शी, यशी, नीरज, मीनू आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

### समाधान दिवस पर सुनी गई जनशिकायतें पारदर्शिता से निस्तारण के दिए निर्देश

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल के समस्त थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न थानों में जनशिकायतों को सुनकर तत्काल निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। थाना बनियाठेर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जनशिकायतों को एसपी संभल के.के. बिश्नोई, एडीएम प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी व सीओ अनुज चौधरी द्वारा सुना गया और सुचिता एवं पारदर्शितापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष बनियाठेर व राजस्वकर्मी मौजूद रहे। वहीं चन्दौसी कोतवाली में इंस्पेक्टर मो. हित चौधरी जनशिकायतों को सुना गया। थाना समाधान दिवस में मात्र दो शिकायतें दर्ज हुईं जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### तीजोत्सव की पूर्व संध्या पर विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**चन्दौसी।** तीजोत्सव के एक दिन पूर्व शनिवार को चन्दौसी के विभिन्न विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर और पारंपरिक डिजाइन बनाकर सभी का मन मोह लिया। सीतारोड स्थित शिव शांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल एवं सैमरटोला मोहल्ला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा जिससे छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को तीज जैसे पारंपरिक त्योहार से जोड़ने का कार्य किया, बल्कि उनमें सृजनात्मकता, प्रतियोगिता भावना और सांस्कृतिक मूल्यों की समझ को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार, शिक्षिका वर्षा गर्ग, आकाश कुमार, वंशिका सक्सैना, भावना, वाणी वार्ष्णेय, वंदना, विपाशा, ज्योति शर्मा, प्रिया गुप्ता, मीरा कुमारी, अलका सक्सैना, ममता मौर्य, रेनू शर्मा, रजनी, सलोनी, श्वाति, तथा प्रवीन वार्ष्णेय सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### जनकल्याण सेवा समिति ने मनाया तीजोत्सव

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा शनिवार को तीजोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर व गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात् महिलाओं ने सावन के गीतों पर नृत्य, छोटी-छोटी नृत्य नाटिकाएं, मल्हार गायन व हाउजी व अन्य गेम खेले। कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रथम भावना गुप्ता, द्वितीय पूनम वार्ष्णेय व तृतीय रुचि अग्रवाल चुनी गईं। इस दौरान समिति अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, अंशु वार्ष्णेय, शालिनी शर्मा, आभा, मनीषा, सीमा, रचना, राजेश्वरी, ऋतु बालाजी, दुर्गा टंडन, प्रतिभा आर्य, प्रतिभा चौधरी, प्रीति, प्रियंका आदि मौजूद रहीं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सहसपुरी**
**विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/सीएससी मद/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दि0: 26.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सहसपुरी में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/सीएससी मद योजना अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04.08.2025 की शाम 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन 3.30 बजे निविदा अद्योहस्ताक्षरी के सामने खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएसएसी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनसेवा केन्द्र हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (सीएससी)। | ईंट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, टाईल्स रोड़ा सरिया, चौखट, विन्डो, दरवाजा, पेन्ट आदि। | 464132.32 | 9283/- | 100/- | 2 माह |

**मुख्य शर्तें:-**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सहसपुरी**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**



IS 15700 : 2018

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना
सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**- परिषद की सम्भल गेट योजना संख्या-1. चन्दौसी में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या 3/443 का आवंटन-पत्र पत्रांक 186 / सं०प्र०-रामपुर/चन्दौसी दिनांक 05.03.1992 द्वारा श्री दयाराम सिंह पुत्र श्री बुद्धन सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 28.01.1997 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 04.02.1993 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। आवंटी के मुख्तारेआम डा० (श्रीमती) रचना चौहान पत्नी डा० अयोध्या प्रसाद द्वारा भवन का विक्रय विलेख इस कार्यालय से दिनांक 15.05.2001 को निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 19.03.2001 को पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 श्री हरचरन लाल के पक्ष में दिनांक 09.08.2012 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। अब श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 श्री हरचरन लाल ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा अल्प आय वर्ग भवन संख्या 3/443, सम्भल गेट योजना संख्या-1, चन्दौसी को विक्रय उपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय (चन्दौसी), उवप्रव आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4 भाग-2 मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। **आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक।**

पत्रांक संख्या:-1352/सं.प्र.(चंदौसी)-मुरादाबाद/ दिनांक: 23.07.2025

# एशिया कप क्रिकेट यूएई में खेला जाएगा

● 9 से 28 सितम्बर के बीच होगा टूर्नामेंट, आईसीसी चीफ बोले-शेड्यूल जल्द जारी होगा




**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होगा और फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में होगा। नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा। शेड्यूल की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए आईसीसी टूर्नामेंट को यूएई में करा रहा है। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। इस साल फरवरी-मार्च में हुई चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर आफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्राडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### निहाल-अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडों चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिए। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

### देव मीणा ने 2025 में तीसरी बार तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**जर्मनी, वार्ता।** भारत के देव कुमार मीणा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के क्वालिफाइंग राउंड में पुरुषों का पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां देव कुमार मीणा ने इस साल कोच्चि में हुए फेडरेशन कप में दर्ज किए अपने 5-35 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, अपने दूसरे प्रयास में 5-40 मीटर का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह इस साल 20 वर्षीय मीणा ने तीसरी बार भारतीय पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा है। उन्होंने 2025 के राष्ट्रीय खेल में 5-32 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो 2022 में सुब्रमणि शिवा की 5-31 मीटर जंप के साथ उनके नाम दर्ज था।

# तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने जीता कांस्य पदक

● भारत के लिए यह ऐतिहासिक मौका रहा जिसमें एक ही संस्करण में दो महिला शटलर खेली

**सोलो, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहासिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त



● टिम डेविड नाबाद 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है

**बासटेयर, वार्ता।** टिम डेविड (नाबाद 107) की तूफानी शतकीय प्रहार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। इसी साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 215 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 87 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ग्लेन मैक्सवेल सात गेंद में (20) रनआउट हुए। इसके बाद जॉश इंग्लिस (15), मिचेल मार्श (22) और कैमरून ग्रीन (11) रन बनाकर आउट हुए।

ऐसे संकट के समय टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 16-1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। डेविड ने केवल 16 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक बनाया जो कि ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्द्धशतक है। टिम डेविड ने रिकार्ड 36 गेंदों में 11 छक्के और छह चौकों की मदद से (नाबाद 102) की पारी खेली।

यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से किसी भी बल्लेबाज द्वारा टी-20 में बनाया गया सबसे तेज शतक है। मिचेल ओवेन ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 36) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। जेसन होल्डर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड


● जो रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए है, टेस्ट में उनसे ज्यादा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग के शतक है



**मैनचेस्टर, वार्ता।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं।

टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं। लॉर्ड्स में उनके 2166 रन हैं। रूट ने अब तक टेस्ट में रवींद्र जडेजा के खिलाफ 588 बनाए हैं। साथ ही वह 37 पारियों में नौ बार आउट हुए हैं। यह किसी बल्लेबाज द्वारा किसी एक गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टीवन स्मिथ के नाम था। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 577 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नदीम ने कराई सर्जरी



## नीरज से मुकाबले पर लगा प्रश्नचिन्ह

● अरशद नदीम ने आगामी विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया

**लंदन, वार्ता।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के काफ (पिंडली की मांसपेशी) की सर्जरी कराये जाने के कारण अगले महीने सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में नीरज चोपड़ा के साथ होने वाले बहु-प्रतीक्षित भाला फेंक मुकाबले पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। समझा जाता है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता ने हाल ही में कैम्ब्रिज के स्पायर हॉस्पिटल में डॉ- अली बाजवा से अपने राइट काफ पर एक इंटरवेंशनल सर्जरी कराई। नदीम वर्तमान में लंदन में रिकवरी के दौर से गुजर रहे हैं। पोलैंड में 16 अगस्त को होने वाली सिलेसिया डायमंड लीग में भारत और पाक के इन दो सितारों के बीच पेरिस 2024 में उनके ऐतिहासिक मुकाबले के बाद पहली भिड़ंत होने की उम्मीद थी, जहां नदीम ने 92-97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो 2020 चैंपियन नीरज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# सेटअप से बाहर होकर खराब तो लगता है: उमेश

● यह एक सर्कल है आज मैं बाहर हूं कल कोई दूसरा खिलाड़ी बाहर होगा

**गुरुग्राम, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जब से आई हैं तब से एक चक्र के बाद दूसरे चक्र में भारत नए खिलाड़ियों को आजमाता दिखा है। अलजक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन अब वह भारतीय सेटअप से बाहर ही हो गए हैं।

ऐसे ही एक तेज गेंदबाज़ उमेश यादव भी हैं, जिन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना पिछला टेस्ट खेला था। गुरुग्राम में पिकलपॉक्स खेल के एक इवेंट में पहुंचे उमेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि हर किसी को सेटअप से बाहर होना खराब लगता है।, लेकिन यह एक सर्कल है, आज मैं बाहर हूं कल कोई बाहर होता है, जो बदलाव आने हैं, वह तो आने ही है। लाइफ हमेशा ऐसे नहीं चलती है, सबके साथ ही ऐसा होता है। हम पहले साइकिल से चलते थे, लेकिन अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं। ऐसे में कोई नया लड़का आएगा तो सीनियर को बाहर जाना होगा, प्रतिस्पर्धा होना तो भारतीय क्रिकेट के लिए और भी अच्छा है, तो यही लजदगी है। मैं अभी भी फिट हूं तो कुछ ना कुछ नई कोशिश में लगा रहता हूं। वापसी का मौका मिलेगा तो मैं हमेशा तैयार हूं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाज़ टीम में नहीं है, जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलने की बात कह चुके हैं।

# एम्मा डीसी ओपन के सेमीफाइनल में



● एम्मा रादुकानू ने मारिया सकारी को महिला एक वर्ग में 6-4, 7-5 से हराया

**वाशिंगटन, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी रादुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में रादुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

**बीकानेर, वार्ता।** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिए पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे।

# वेदा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

● वेदा कृष्णमूर्ति ने आज सोशल मीडिया पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा। क्रिकेट ने मुझे एक करियर से कहीं बढ़कर दिया। इसने मुझे एहसास दिलाया कि मैं कौन हूँ। इसने मुझे सिखाया कि कैसे लड़ना है, कैसे गिरना है और कैसे खुद को साबित करना है। आज, पूरे मन से, मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूँ। मध्यक्रम की आक्रामक बल्लेबाज वेदा ने भारत के लिए 48 एकदिवसीय और 76 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार एमसीजी में 2020 टी-20 विश्वकप फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि भारत के लिए उनका आखिरी एकदिवसीय मुकाबला उससे लगभग दो साल पहले, अप्रैल 2018 में मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ खेला था। वेदा ने 50 ओवरों के प्रारूप में 829 रन बनाये और तीन विकेट लिए तथा सबसे छोटे प्रारूप में 875 रन बनाये। वेदा ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, खासकर मेरी बहन, मेरी पहली टीम होने के लिए धन्यवाद। और मेरी निरंतर शक्ति। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को, मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। बीसीसीआई को, भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए आभार। केएससीए, रेलवे और केआईओसी को, मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मेरी टीम की साथियों को, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने सब कुछ साझा किया है। जीत, हार और हंसी, जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। आप कभी केवल टीम के साथी नहीं थे। आप परिवार थे। मेरे दोस्तों को, वहां मौजूद रहने के लिए धन्यवाद। कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी करना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। उन टीमों ने मुझे आकार दिया, मुझे चुनौती दी और मुझे पूरे दिल से नेतृत्व करने की जगह दी। और भारत की उस जर्सी को पहनने के एहसास की बराबरी कोई नहीं कर सकता। राष्ट्रगान, एड्रेनालाईन, गर्व-ये सब हमेशा आपकी हड्डियों में बसता है। वेदा ने लिखा कि 2017 एक ऐसे विश्वकप का हिस्सा बनने के लिए क्या ही शानदार साल रहा जिसने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों के नजरिए को बदल दिया। मुझे इस पर हमेशा गर्व रहेगा। फिजियो, ट्रेनर, सिलेक्टर और पर्दे के पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

# राहुल-गिल ने भारतीय पारी को संभाला

● मैनचेस्टर टेस्ट: दोनों में फिफ्टी की साझेदारी, इंडिया ने जीरो पर गंवा दिए थे दो विकेट, इंग्लैंड 669/10



**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 81 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 230 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में आउट किया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओपनर बेन डकेट ने 94, जैक क्राली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 25वें ओवर की आखिरी बाल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला। ब्रायडन कार्स की आउट स्विंग बाल पर गिल ने पाइंट की दिशा में खेला। लियम डासन ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। 16वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी कर पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन शून्य पर आउट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा है। 25.1 ओवर के इस सेशन में 126 रन बने और 5 विकेट गिरे। इनमें 2 विकेट इंडिया ने एक रन बनाने में गंवा दिए। वहीं, 544/7 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 669 रन पर आलआउट हो गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। 311 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम ने दूसरी पारी के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए।

# शराब ने ली एक की जान, दो को पहुंचाया जेल

## कांवड़ यात्रा के बाद लापरवाही बन गई जेल जाने का कारण, मृतक के पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सावन के पवित्र महीने में गंगाजल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक करना एक धार्मिक परंपरा है। श्रद्धालु हरिद्वार, नरौरा, राजघाट आदि तीर्थ स्थलों से कांवड़ लाकर शिवभक्ति में लीन होते हैं। परंतु इस आस्था के बीच जब लाप. रवाही और नशा जुड़ जाए, तो भक्ति का यह रास्ता त्रासदी में बदल सकता है। कैथल गांव में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक युवक की मौत हो गई और दो युवक जेल पहुंच गए। बता दें कि रमेश पुत्र हरिकिशोर निवासी कैथल, अपने रिश्तेदारों दीपक पुत्र नन्नुकी व चरन. सिंह पुत्र गेंदा निवासीगण ग्राम रामनगर थाना चन्दौसी के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे थे। तीनों ने गंगाजल से शिव का अभिषेक किया और धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया लेकिन शाम को श्रद्धा का यह माहौल नशे में डूब गया। तीनों युवक कैथल बाजार के पास स्थित देशी शराब के ठेके से शराब खरीद कर पतरौआ मार्ग पर एक ईंट भट्ठे के पास बैठकर शराब पीने लगे। इसके बाद उन्होंने बाइक पर सवार हो गये। संभवत: बाइक की तेज गति होने के कारण या तो रमेश बाइक से गिर गया या किसी अज्ञात वाहन से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि उसके दोनों साथी दीपक और चरनसिंह उसे घायल अवस्था में छोड़कर भाग निकले, न तो परिजनों को सूचना दी और न ही पुलिस या एंबुलेंस को बुलाया। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। थाना चन्दौसी की पुलिस टीम मौके पर



पहुंची और रमेश को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी ले जाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता हरिकिशोर की तहरीर पर थाना चन्दौसी में मुकदमा संख्या 327/2025 दर्ज किया गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 61(2) एवं 103(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए दीपक व चरनसिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर घायल रमेश को समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाता, तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। इसके बजाय, साथियों की बेरुखी व लापरवाही ने उन्हें हत्या जैसे गंभीर मुकदमे का आरोपी बना दिया। इंस्पेक्टर मोहित चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की गई है।

## चिकित्साधीक्षक पर लगाए अभद्रता के आरोप

**बिलारी।** नगर के राजकीय महिला अस्पताल की महिला स्वास्थ्य कर्मी ने बृहस्पतिवार को सीएमओ से शिकायत कर चिकित्साधीक्षक पर बीती 22 जुलाई की दोपहर अपने कार्यालय के सामने वाले कक्ष में बुलाकर अभद्रता करने का आरोप लगाया था। सीएमओ के निर्देश पर शुक्रवार दोपहर बाद जिला चिकित्सालय से आए नोडल अधिकारी ने सीएचसी पहुंचकर शिकायतकर्ता स्वास्थ्य कर्मी से जानकारी ली। पता चला है कि नोडल अधिकारी ने अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मियों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी मोहित चौधरी का कहना है कि उन्हें महिला स्वास्थ्य कर्मी की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उधर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक ने महिला स्वास्थ्य कर्मी के आरोप को पूरी तरह से निराधार और साक्ष्य विहीन बताया है।

## एक नजर

### थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुलझाई लोगों की समस्याएं



**कांठ।** छजलेट थाना और कांठ में आज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम संतदास पवार ने छजलेट में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार राजकुमार सिंह ने थाना कांठ में बैठकर लोगों की शिकायतों को सुलझाने का काम किया। इस दौरान हर बार की तरह किसानो की डोल मेंड से जुड़ी समस्याएं सामने आई जिनका निस्तारण समय रहते करने के लिए निर्देशित किया गया। बाद में एसडीएम थाना कांठ भी पहुंचे और समाधान दिवस की कार्यवाही को लेकर जानकारी की इस दौरान तहसीलदार नायब तहसीलदार थाना प्रभारी निरीक्षक सहित लेखपाल और कानून गो मौजूद रहे।

### एक कांवड़ देश के नाम जत्थे को प्रोटोकॉल के तहत कराया कांठ से रवाना



**कांठ।** रामपुर और मुरादाबाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 'एक कांवड़ देश के नाम' अभियान के तहत हरिद्वार से पवित्र गंगाजल उठाया। जैसे ही यह कांवड़;कलश लेकर कांठ नगर पहुंचे स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक कांवड़ को आगे बढ़ाया और कांवड़ यात्रियों को पचोकरा तक विदा किया।इसके बाद अगवानपुर के बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कांवड़ को अपने साथ लेकर अगले पड़ाव तक पहुँचाया। इस पुनीत कार्य में विश्व हिंदू परिषद मुरादाबाद ग्रामीण की अहम भूमिका रही। संगठन ने कार्यकर्ताओं के सहयोग और अनुशासन की सराहना की।कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में कांवड़ियों के स्वागत के लिए पानी, फल और विश्राम की व्यवस्था की। रामपुर से शुरू हुई यह यात्रा सद्‌भाव और देश;भक्ति का संदेश देते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई।इस मौके पर जिला सह संयोजक हर्ष विशनोई,प्रखंड मंत्री योगेन्द्र चौहान, प्रखंड संयोजक अमन वाल्मीकि, मडीदीप विशनोई, कनिष्क विशनोई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रानी प्रीतम कुंवर स्कूल व कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज में तीजोत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन

**बिलारी।** रानी प्रीतम कुंवर स्कूल सहसपुरबिलारी में तीजोत्सव पर अंतर्सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं के साथ छात्रों ने भी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया । इसमें कक्षा 1से 5 के समूह -१ में -इबाद ने पहला, लिली हाउस से रमशा द्वितीय , लोटस हाउस से नहींजान एवं ट्यूलिप हाउस से मशरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 के समूह -२ रोज हाउस से अनाबिया ने पहला , लिली हाउस से प्रियांशी ने दूसरा और लोटस हाउस से अनामता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 समूह -३ लोटस हाउस से अलीशा ने पहला , रोज हाउस से मंतशा एवं ट्यूलिप हाउस से आफरीन ने दूसरा और रोज हाउस की कृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता गति. विधि प्रमुख श्रीमती नताशा वार्ष्णेय की देख रेखद्द में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत ईश्वर ने विद्यार्थियों के कौशलं की सरहाना की।

**उधर,** कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में तीजोत्सव मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य आशीष कुमार जादौन ने बताया कि हरियाली तीज पर्व पर छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सुभाषिनी वर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में तनु, रीना, सोनम, सलोनी, अंजली, कोमल, आलिशा, सोफि, स्वाति, आशी,वैशाली, रूचि सिंह, निशा सैनी, विनीता, अंजू,मीनाक्षी, अंशी आदि छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की मेहंदी लगाई। इस अवसर पर सुभाषिनी वर्मा के साथ प्रियंका सिंह, रिद्धिमा यादव आदि शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

### पेड़ों की छंटाई के कारण कांठ बिजली घर से जुड़े क्षेत्र की बिजली आज रहेगी बंद

**कांठ।** विद्युत सप्लाई में बाधक बने पेड़ों की छटाई किए जाने को लेकर आज कांठ बिजली घर से जुड़े क्षेत्र की बिजली 11:00 से दोपहर 3:00 तक बंद रहेगी उक्त जानकारी एसडीओ सचिन रस्तोगी ने दी उन्होंने बताया कि इस लाइन पर विद्युत सप्लाई सुचारू रखने के लिए पेड़ों की कटाई छटाई का काम किया जाएगा। इसके बाद उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी उन्होंने कहा कि इस कारण इस क्षेत्र से जुड़े सभी उपभोक्ताओं और किसानों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाएगी उन्होंने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए उपभोक्ताओं से इस कार्य में सहयोग और शांति बनाए रखने की अपील की है।

### हरियाली तीज पर हार्वर्ड कान्वेंट में लगाई मेहंदी, पड़ गए झूले



**कांठ।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की महिला शिक्षकों ने पर्व को सफल बनाने में प्रतिभाग किया। तीज पर्व को लेकर विद्यालय की महिला शिक्षकों द्वारा मेहंदी ,डांस एवं बलून कप , रेमवॉक, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता में ईरम प्रथम, फिरदौस द्वितीय, एवं तूबा चौधरी एवं सवा तृतीय स्थान पर रहे। बलून कप प्रतियोगिता में जोहा असद प्रथम, अभिनव राजपूत द्वितीय, एवं अक्षिता बिश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# व्यापार मंडल ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया और देश के वीर जवानों को नमन किया। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि 26 जुलाई का दिन देश के बहादुर बेटों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है। यह दिन भारतवासियों को गौरवांवित करने वाला होता है क्योंकि इस दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

इसमें भारत की विजय हुई थी। कारगिल युद्ध मई 1999 से जुलाई 1999 तक चला था। जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने कहा कि कारगिल की लड़ाई में लगभग 527 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। यह युद्ध ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ा गया था, जहां तापमान -10 सेल्यिस से -20 सेल्यिस तक गिरता था। 26 जुलाई को आधिकारिक तौर पर कारगिल युद्ध की समाप्ति हुई थी।

डॉ टीएस पाल ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की गौरवपूर्ण जीत और देश के लिए जवानों की शहादत इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर अमर गाथा बन गई। देश को अपने जवानों के शौर्य पर गर्व है। इस दौरान अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, प्रभात कृष्णा, डॉ टी एस पाल, सन्नी शर्मा, आकाश कुमार शर्मा, सुधीर गौड़, सुशील वार्ष्णेय, रिंकू जोशी, कमल कश्यप, आशीष आदि मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कारगिल विजय दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल शामिल रहें।कारगिल विजय दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिये विशेष महत्व रखता है आज का यह दिन 26 जुलाई को हम सभी भारतवासी कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं और जिन बहादुर सैनिकों ने कारगिल युद्ध में विजय श्री



दिलाने के लिए देश के लिये अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया हम सभी भारतवासी उनको नमन करते हैं।

सूर्य प्रकाश पाल ने आगे कहा कि 26 जुलाई भारत के लिए एक गर्व का दिन है यह दिन 1999 में भारत पाकिस्तान के बीच लड़े कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की जीत की याद में मनाया जाता है 1999 में पाकिस्तान की सेना और घुसपैठियों ने गुप्त रूप से जम्मू कश्मीर के कारगिल सेक्टर की भारतीय चौकियों पर कब्जा कर लिया भारत ने जवाब में ऑपरेशन विजय सैन्य अभियान चलाया यह युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला 26 जुलाई को भारतीय सेना ने सभी प्रमुख चोटियों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया और पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया इसलिए यह दिन कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना का ऑपरेशन विजय लगभग दो माह तक चला था।

भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को टाईगर हिल को अपने कब्जे में लेकर जीत का पंचम फहराया था कारगिल विजय दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश पाल महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एम एल सी गोपाल अंजान डा.हरवंश दीक्षित गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल विशेष गुप्ता महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

# सपाइयों ने संविधान मान स्तम्भ दिवस पर संविधान की रक्षा करने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर 26 जुलाई को संविधान मान स्तम्भ दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि वर्ष 1902 में कोल्हापुर राज्य के तत्कालीन शासक छत्रपति शाहूजी महराज ने सामा. जिक न्याय की भावना को इस दिन ही अमल में लाते हुए शासन- प्रशासन में पिछड़ों को 50 प्रतिशत का आरक्षण लागू किया था।इस ऐतिहा. सिक दिन को ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले वर्ष 2024 में प्रदेश के सभी कार्यालयों में "संविधान मान स्तम्भ "की स्थापना के निर्देश दिए थे।यह स्तम्भ पीडीए के प्रकाश स्तम्भ के रूप में प्रेरणा प्रदान करता है। इस वर्ष भी 26 जुलाई को "संविधान मानस्तम्भ स्थापना दिवस "के रूप में मना रहे है। कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने पर पिछड़े, अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिलाकर लाभ दिलाया जाएगा। कहा कि सपा सरकार बनने पर पूरे प्रदेश



का विकास होगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने संविधान की रक्षा करने के लिए संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर उस्मान एडवोकेट, सौरभ यादव, अकरम मालिक, वाजिद खान, रेहान पाशा, अमरपाल यादव, शिशुपाल यादव, रमाकांत सैनी, इंदरपाल यादव, राकेश धनगर, रिजवान अहमद, भूप सिंह प्रधान, रवींद्र प्रधान, हप्पू राजा मेंबर, सद्दाम हुसैन प्रधान, नेम सिंह प्रधान, संजीव यादव, अरशद गामा, अनवर, कासिम आजाद, शांति देवी, रिंकी प्रधान, सीमा देवी, सुधा शर्मा, मेहसर, अनीसा, शहनाज, सितारा, सहमा, कलीम नूरी, गफ्फार प्रधान, रईसपाल यादव, हिम्मत सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# जनता से सीधा संवाद स्थापित करना मेरा कामः रितेश गुप्ता



**मुरादाबाद।** नगर विधायक रितेश गुप्ता का कहना है कि मेरा जनता से सीधा जुड़ाव है ये बात आज नगर विधायक ने अपने जनता दर्शन दरबार में कही उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को जो भी अपने छेत्र की समस्याओं से संबंधित कोई परेशानी है तो वह अपनी समस्या का हल स्वयं मेरे कार्यालय आकर बता सकते हैं आज अनेक बिभागों से संबंधित शिकायतें आयी जिसका उन्होंने निस्तारण तुरंत अधिकारियों से बात कर समाधान कराया। नगर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि विधायक जी जनता से जुड़ी हर समस्या लखनऊ से लेकर दिल्ली तक उठाते हैं और आगे भी उताते रहेंगे इस मौके पर उनके प्रति. निधि सचिन अग्रवाल और अभिनव शर्मा मौजूद रहे।

# नए गांव में चोर समझ कर पकड़ा युवक निकला अर्द्ध विक्षिप्त

**कांठ।** नए गांव में रात को चोर समझ कर पकड़ा युवक अर्ध विछिप्त निकला पुलिस ने जांच पड़ताल करके उसे रिहा कर दिया है। बताया गया की रात में एक अनजान व्यक्ति नए गांव में घूमता हुआ लोगों को मिला उसकी असामान्य हरकतें देखकर लोगों ने उसे चोर समझ लिया और खंभे से बांधकर पिटाई कर दी युवक चोर ना होने की दुहाई देता रहा मगर गुस्से में ग्रामीण युवक को पीटते रहे। पिटाई करते-करते युवक के कपड़े फाड़ दिए गए सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे वहां से थाने ले आई जांच पड़ताल करने के बाद पता चला कि युवक धामपुर की तरफ का रहने वाला है और अर्द्ध विक्षिप्त हालत में है सुबह को पुलिस ने उसे छोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों से चोर होने की अफवाह के चलते संयम बरते जाने की अपील की है।



# थाना समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को कोतवाली में लगे थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुल 7 समस्याएं मौके पर प्राप्त हुई। जिसमें दो पारिवारिक विवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया। शिकायत के निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता बार-बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाए। इसके लिए शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता



को संतुष्ट करना चाहिए। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमित चौधरी, अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह के अलावा हल्का लेखपाल व कानूनगो आदि मौजूद रहे।

# शराब की दुकानें खुल रही हैं, शिक्षा की दुकान कर रहे बंद बीजेपी से हो गया लोगों का मोहभंगः स्वामी प्रसाद मौर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के तत्वाधान में आयोजित लोक मोर्चे के सम्मेलन में संयोजक स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा की नीतियों पर सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि सरकार से लोगों का मोह भंग हो रहा है। भाजपा ने किसानों की गरीबों की पिछड़ों की अल्पसंख्यकों की हमेशा अंदेखी की है। जिससे हर आदमी इससे त्रस्त आ चुका है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में इलाज महंगा हो गया है शिक्षा के मंदिरों को बंद किया जा रहा है और शराब की दुकान जगह-जगह पर खुल रही है उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि यह मोर्चा अब गरीबों की अल्प संख्यको की कमजा. ेरों की पिछड़ों की लड़ाई लड़ने का काम करेगा। सम्मेलन के दौरान लोक मोर्चे की जीत पर स्वामी प्रसाद मौर्य को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया गया। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज. कुमार सैनी, जन सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री और सम्यक पार्टी के संस्थापक तपेंद्र कुशवाहा ने भाजपा की नीतियों की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में गरीब लोगों के साथ अन्याय होता है और पैसे वाले अत्याचारी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने लोक मोर्चे की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा



कि पार्टी द्वारा 40 प्रतिशत आरक्षित लोगों को टिकट दिए जाएंगे और इतने ही प्रतिशत सरकार में मंत्री बनाकर भागीदारी करेंगे। उन्होंने समाजवादी पर भी 2012 से 2017 तक की सरकार में लोगों के उत्पीड़न का आरोप लगाया और कहा कि सपा हो या बसपा हो किसी ने गरीब लोगों के लिए कुछ नहीं किया है। एडवोकेट वसीम अहमद ने मीडिया को आडे हाथों लेते हुए गोदी मीडिया करार दिया और कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में लोक मोर्चा अपनी ताकत का अहसास कराएगा। मोतीलाल शास्त्री ने कहा कि 19 अगस्त को जंतर मंतर और 5 सितंबर को लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए।

सलीम अख्तर और तपेंद्र प्रसाद शाक्य ने कहा कि भाजपा ने किसानों से किए वादे को आज तक पूरा नहीं किया इस कारण किसानों का भी इस पार्टी से मोह भंग होने लगा है। उन्होंने कहा कि लोक मोर्चे की आवश्यकता इसलिए पड़ी की अब जनता परेशान हो चुकी है। बताया गया कि अपनी जनता पार्टी, सम्यक पार्टी, राष्ट्रीय समानता दल, सर्व लोकहित समाज पार्टी, स्वतंत्र जनता राज पार्टी, लो. कतंत्र सुरक्षा पार्टी, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी, जन सेवा दल और सब का दल यूनाइटेड के मिलन से लोक मोर्चे का जन्म हुआ है और यदि दलित पिछड़े अल्पसंख्यक गरीब और कमजोर लोग इसमें आस्था रखते हैं तो आगामी सरकार लोक मोर्चे की होगी। कार्यक्रम में कैलाश सैनी, तेज सिंह सैनी का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्षता विनेश ठाकुर की रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।



आणंद। गुजरात में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## हवा में टक्कर से बचने के लिए यात्री विमान को नीचे उतरना पड़ा, दो घायल

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया से उड़ान भरने वाले साउथवेस्ट के एक विमान को शुक्रवार को संभावित हवा में टक्कर से बचने के लिए नीचे उतरने पर मजबूर किया गया, जिससे दो परिचारक घायल हो गए। साउथवेस्ट फ्लाइट 1496 के चालक दल ने शुक्रवार दोपहर हॉलीवुड बरबैंक हवाई अड्डे से उतरते समय विमान में दो ट्रैफ़िक अलर्ट देखे, जिसके बाद उन्हें अलर्ट का पालन करने के लिए विमान को चढ़ाना और उतारना पड़ा। साउथवेस्ट एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, उड़ान लास वेगास के लिए रवाना हुई, जहां बिना किसी घटना के उतर गई।

# मालदीव के मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: मुइज्जू

## मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे।

मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं। मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के



■ प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए: मालदीव राष्ट्रपति

बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मज़बूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## मालदीव के उपराष्ट्रपति व पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी

■ दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया: राजनेता गैरेथ वार्ड दुष्कर्म के दोषी पाए गए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक राजनेता को दो युवकों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। एक जूरी ने अभी भी राज्य संसद के सदस्य गैरेथ वार्ड को अभद्र हमले के तीन मामलों और बलात्कार के एक मामले में दोषी पाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पीड़ितों, जिनकी उम्र 18 और 24 वर्ष थी, ने कहा कि 2013 और 2015 के बीच राजनीतिक हलकों के माध्यम से 44 वर्षीय वार्ड से मिलने के बाद उनके साथ वार्ड के घर पर मारपीट की गई थी। वर्ष 2021 में आरोप सामने आने पर वार्ड ने राज्य सरकार के मंत्री और लिबरल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, लेकिन संसद छोड़ने से इनकार कर दिया और 2023 में कियामा के सदस्य के रूप में फिर से चुने गए। वार्ड इस साल के अंत में सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में पेश होंगे।

#### थाईलैंड कंबोडिया संघर्ष का कारण राजनीतिक गलतियां: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** विशेषज्ञो का कहना है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में बढ़ा तनाव महज दुर्घटना नहीं है बल्कि यह राजनीतिक गलतियों और राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों की सुप्त आग को फिर से भड़काने का परिणाम है। मलेशिया में कुआलालंपुर स्थित मलाया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबध एवं मानवाधिकार मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खू यिग हूई ने संवाद एजेंसी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ताज़ा झड़पें लंबे समय से चले आ रहे तनाव और एक नई राजनीतिक चिंगारी का नतीजा हैं। थाईलैंड में शिनावात्रा और कंबोडिया में हुन परिवारो जैसे दो शक्तिशाली पक्षों से जुड़ा एक राजनीतिक नाटक इस मामले को और तूल दे रहा है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका

## जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक



■ कई राज्यों ने दी थी आदेश को चुनौती
■ यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है: लियो सोरोकिन
■ लियो ने यह भी कहा: मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इन्कार किया गया था।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थाई वीजा पर हैं। ट्रम्प प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा।

मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो। गौरतलब है कि ट्रम्प के इस आदेश के खिलाफ पूरे अमेरिका में चर्चा तेज है। ऐसे में इस मामले में इससे पहले न्यू हैम्पशायर, सैन फांसिस्को और मैरीलैंड की अदालतें भी इस आदेश को असंवैधानिक बता चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को पूरे देश में रोक लगाने से मना किया था, लेकिन राज्यों और समूहों द्वारा दायर मुकदमों में अभी भी राष्ट्रव्यापी प्रभाव वाले फैसले दिए जा सकते हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से अभी इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## ट्रम्प बोले: हमास की वजह से सीजफायर डील टूटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में सीजफायर डील पर बातचीत टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने आगे कहा मुझे लगता है कि हमास मरना चाहता है, और ये बहुत ही बुरी स्थिति है। अब वक्त आ गया है कि ये काम पूरा किया जाए। इससे कुछ हफ्ते पहले ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में जल्द सीजफायर और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता जल्द हो सकता है। इस हफ्ते ट्रम्प प्रशासन ने दोहा में चल रही बातचीत से अपने वार्ताकारों को वापस बुला लिया था। ट्रम्प ने कहा कि अब जब केवल कुछ ही बंधक बचे हैं, तो हमास की बातचीत में दिलचस्पी कम हो गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली बंधकों की रिहाई में हमास सबसे बड़ी रुकावट है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब मिलकर इस संकट से निपटने के लिए रास्ता खोज रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा हम अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि बंधकों को वापस लाया जा सके। हमास के आतंक के शासन को खत्म किया जा सके।

# ईरान में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत, 13 घायल

■ हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल
■ हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गए।

हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्याय विभाग के परिसर में घुसते ही आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि उसके जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। आईआरजीसी ने बताया कि हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सुरक्षा बल ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है। ज़ाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांतीय अधिकारियों ने लोगों से न्याय विभाग और आसपास के इलाकों से दूर रहने का आह्वान किया है। सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई घातक हमले किए हैं।

# पाक में भारी वर्षा के कारण अब तक 266 लोगों की मौत

■ बारिश से जुड़े हादसों में पाक के पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 30 दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 266 लोगों की मौत हो गई और 633 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के कल जारी आंकड़ों में इस आशय की सूचना दी गई।

एनडीएमए की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण कहीं से भी किसी की मृत्यु होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पांच लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। ये आंकड़े 26 जून से 25 जुलाई की अवधि के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से जुड़े हादसों में पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए और 493 घायल हुए। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 63 लोगों की मौत और 79 अन्य के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25 से लोग मारे गए हैं, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मृत्यु होने और चार अन्य के घायल होने की खबर है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में आठ लोग मारे गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो लोगों की जानें गईं। एनडीएमए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर से प्राप्त इन आंकड़ों में बच्चों की मृत्यु का अनुपात काफी जयादा है। इनमें 126 बच्चों की मृत्यु और 209 अन्य के घायल होने की खबर है।

## साद में यमनी सेना और हूतियों के बीच संघर्ष में 10 सैनिकों की मौत

**अदन, यमन।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बलों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, जबकि दर्जनों दुश्मन लड़ाके मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# इजरायली हमलों में मारे गए 25 फलस्तीनी

## मदद पाने की कोशिश में कई घायल

■ अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुलाया

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारियों और एंबुलेंस सेवा ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रासिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इजरायली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजरायल और हमास के बीच



युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इजरायल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इजरायली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया। मिस्र और कतर ने कहा कि यह वार्ताएं अस्थाई रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रासिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी, जो उसी क्रासिंग से मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। इजरायली सेना ने उस वक्त कहा था कि उसके सैनिकों ने उन हजारों फलस्तीनियों पर गोली चलाई जो खतरा पैदा कर रहे थे।

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में मौत का आंकड़ा 33 हुआ

## कंबोडिया बोला: पड़ोसी देश जानबूझकर जंग बढ़ा रहा, यूएन से संघर्ष रुकवाने की मांग

■ मरने वालों में कंबोडिया के आठ नागरिक, पांच सैनिक शामिल व 71 लोग घायल भी हुए

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयार्क में बंद कमरे में एक आपात बैठक की। इसमें सभी 15 देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। कंबोडिया के यूएन राजदूत छेआ कीओ ने कहा हम बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं। हमारी कोई आक्रमण की मंशा नहीं है, हम एक छोटा देश हैं, हमारे पास एयरफोर्स तक नहीं है। विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं। इसके अलावा इमरजेंसी की स्थिति में दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया है। कंबोडिया ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार हताहतों की संख्या बताई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 सैनिक हैं। वहीं, 71 घायल हुए हैं, जिसमें 21 सैनिक हैं। सबसे ज्यादा नुकसान ओड्डार मीनचे प्रांत में हुआ है। लड़ाई की वजह से हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पलायन करना पड़ा है।

## कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ जुड़े संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नागरिक उड्डयन राज्य सचिवालय (एसएससीए) ने उन क्षेत्रों में सभी उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया है, जहां कंबोडिया और थाईलैंड के बीच संघर्ष चल रहा है। एसएससीए के राज्य सचिव सिन चांसरे वुथा ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि सभी हवाई कंपनियों को सूचित कर दिया है कि संघर्ष क्षेत्रों से उड़ान न भरें और कोई भी जहाज समुद्री सतह से 12000 मीटर से कम की ऊंचाई पर न उड़े। पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत के कुछ हिस्सों को भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। वुथा ने कहा कि सभी उपाय हवाई संचालन और नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए उठाये गए हैं।

# रूस ने गुप्त ड्रोन संयंत्र को किया सार्वजनिक

**मास्को।** रूस ने अपने ड्रोन संयंत्र और रूस के युद्ध प्रयास में इसके योगदान को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है और ड्रोन उत्पादन सुविधा के अंदर की पहली आधिकारिक झलक सार्वजनिक की है।

यह जानकारी सीएनएन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अलाबुगा के कारखाने में विशिष्ट काले, त्रिकोणीय ईरानी डिज़ाइन वाले हमलावर ड्रोन (जिन्हें रूसी भाषा में गेरान कहा जाता है) पंक्तियों में लगे हुए हैं जो देश के सबसे बड़े ड्रोन कारखानों में से एक है। यह रूस का मुख्य हमलावर ड्रोन कारखाना है जो यूक्रेनी शहरों पर क्रेमलिन के बढ़ते ड्रोन हमले में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के भी सबूत हैं कि युवाओं को न केवल अलाबुगा में ड्रोन संयोजन में बल्कि निर्माण कार्य में भी शामिल किया जा रहा है। अलाबुगा के महानिदेशक शगिवालेव ने कहा कि तीन वर्षों से ईरानी-डिज़ाइन किए गए शाहेद ड्रोन का उत्पादन करने वाला अलाबुगा अब पूरी तरह से ईरानी फैंचाइज़ी से पूरी तरह से स्थानीय उत्पादन में स्थानांतरित हो गया है। विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक डेविड अलब्राइट ने सीएनएन से कहा कि कारखाने पर से पर्दा उठाने का निर्णय दर्शाता है कि रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। अलाबुगा ने 2023 में शाहेद ड्रोन का उत्पादन शुरू किया और अब यह सस्ते संस्करण भी बना रहा है (जिन्हें गेरबेरा के नाम से जाना जाता है)। पिछले अगस्त में यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमलों में तेज़ी आने के साथ ही इस संयंत्र का विस्तार शुरू हो गया था।



■ रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं

# दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा



## नौवें दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई सैयारा बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर, बनी 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

**मुंबई।** फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत की। इसके पहले दिन की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया से ही अंदाजा हो गया कि यह फिल्म कमाल करने वाली है और ऐसा ही हो रहा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही इस फिल्म ने आज शनिवार को नौवें दिन एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह 200 करोड़ी बन गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये जुटाए। महज चार दिनों में यह 100 करोड़ी बन गई थी। इस फिल्म ने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कल आठवें दिन इसकी कमाई 18 करोड़ रुपये रही। वहीं, खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक आज शनिवार को फिल्म ने अब तक 11.21 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वीकएंड पर एक बार फिर दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने उमड़ पड़ी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 201.96 करोड़ रुपए हो गया है। देश के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा बरकरार है।

यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में रेस में सिर्फ विक्की कौशल की फिल्म छावा इससे आगे है। सैयारा ने वर्ल्डवाइड 278.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 797.34 करोड़ रुपये है। इस साल की बाकी फिल्मों को सैयारा ने धूल चटा दी है। सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5, रेड 2 सभी इससे पीछे हैं। फिल्म सैयारा एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा दोनों ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। पहली ही फिल्म से दोनों ने दर्शकों पर जादू कर दिया है। फिल्म सैयारा का बजट करीब 50 करोड़ रुपए है।

## सैयारा की सफलता के बाद पहली बार दिखाई दीं अनीत

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से सफलता का स्वाद चख चुकी हैं। फिल्म की सक्सेस के बाद अनीत को पहली बार पब्लिक प्लेस पर देख गया है। 23 जुलाई को अनीत मुंबई में एक सैलून से बाहर देखी गईं, जहां उनका सामना फोटोग्राफरों से हुआ। वायरल वीडियो में अनीत ब्लू डेनिम और मैचिंग शर्ट पहने नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा है। सैलून के बाहर फोटोग्राफर और भीड़ को देखकर वह चौंक जाती हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत कार तक ले जाया गया। अनीत न सिर्फ फोटोग्राफरों से बचते दिखीं बल्कि उन्होंने एक फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट को भी मना कर दिया। फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट मना करने पर सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन मिल रहा है। कुछ लोगों ने अनीत को घमंडी कह रहे हैं, तो कुछ ने उनका बचाव किया। एक यूजर ने लिखा- वाह, क्या एटीट्यूड है। वहीं, अनीत के फैन ने उनका बचाव करते हुए लिखा- उस कैमरा और पैपराजी की आदत नहीं है। उसे कुछ समय दीजिए। वहीं, एक यूजर ने लिखा- यशराज ने उन्हें मीडिया से दूरी बनाने के लिए कहा है। अनीत के एक और फैन ने लिखा- यह उसका पहली बार है दोस्तों। उसे इसकी आदत नहीं है। बता दें कि अनीत पड्डा और अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के साथ मोहित सूरी ने तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।



# वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु व तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# महावतार नरसिम्हा ने रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स की फिल्म महावतार नरसिम्हा ने आईएमडीबी और बुक माय शो पर रिकॉर्ड तोड़ रेटिग हासिल की है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा, सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शानदार दृश्य, बड़ा पैमाना और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त कामयाबी के रूप में सामने आई है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा की खूबसूरती को अच्छे तरीके से दिखाती है। महावतार नरसिम्हा एक शानदार सिनेमाई अनुभव से कम नहीं है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त सराहना के बीच इसकी रेटिंग्स भी रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुक माय शो पर 9-8/10, गूगल पर 5/5 और आईएमडीबीपर 9-8/10। यह रेटिंग्स किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची मानी जा रही हैं, जो दर्शकों से मिल रहे अपार प्यार और सम्मान को साफ दिखाती हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई और चैतन्य देसाई ने क्लीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 3 डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज की गई है।

# एक जैसे किरदारों को दोहराने में दिलचस्पी नहीं: सिद्धांत

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कभी भी फिल्मों में एक जैसे किरदार को दोहराने में दिलचस्पी नही रही है। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। वह एक बार फिर एक ऐसी भावनात्मक दुनिया में कदम रख रहे हैं जो उनके लिए अबतक अनछुई रही है। पारंपरिक ढांचे से हटकर किरदार चुनने के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत ने कहा कि उन्हें कभी खुद को दोहराने में दिलचस्पी नहीं रही। उन्होंने कहा, यदि लोगों को मेरा कोई एक रोल पसंद आया, इसका मतलब यह नहीं कि मैं वही करता रहूं। असली मजा है खुद को बदलने में और हर बार खुद को एक नई चुनौती देने में है। सिद्धांत ने कहा, मैं यहां मार्केट बनाए रखने नहीं, उसे हिलाने आया हूं। मैं अलग-अलग उम्र के लोगों, अलग इलाकों और सोच रखने वाले दर्शकों से जुड़ना चाहता हूं। तभी मैं सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक इंसान के तौर पर भी आगे बढ़ता हूं।

## बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना थे। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बैन के बाद एकता ने दी सफाई

## कहा: मेरा और मेरी मां का इस प्लेटफार्म से कोई लेना-देना नहीं है

**मुंबई।** ALTT, Ullu समेत 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन लगने के बाद एकता कपूर ने कहा है कि ALTT से उनका और उनकी मां शोभा कपूर का कोई लेना-देना नहीं है। इस मामले को लेकर बयान जारी कर एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, जो BSE और NSE में लिस्टेड एक प्रोफेशनल तरीके से चलने वाली मीडिया कंपनी है। हाल ही में ALTT डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जो पहले इसकी पूरी तरह से अपनी कंपनी थी) के साथ हाल ही में विलय के बाद 20 जून, 2025 से ALTT का संचालन कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि ALTT को सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इन खबरों के उलट, एकता कपूर और शोभा कपूर का ALTT से अब कोई भी सबंध नहीं है। वे जून 2021 में ही ALTT से अलग हो चुकी हैं। अगर कोई इसके उलट दावा करता है, तो वह गलत है।

मीडिया से अनुरोध है कि सही और सटीक जानकारी ही दी जाए। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड सभी लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करती है और अपना काम सबसे ऊंचे कार्पोरेट नियमों के साथ करती है।







